नव प्रदेश

www.navpradesh.com जबलपुर, मंगलवार 19 अक्टूबर 2021, भाद्रपद शुक्ल पक्ष, नवमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-02 अंक- 342 पृष्ठ- 08 मूल्य-3 रुपए जबलपुर, भोपाल, छत्तीसगढ़ बिलासपुर, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

गरीबों के लिए रियायती दरों पर और मुफ्त अनाज देने सहित केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा तमाम योजनाएं चलाई जा रही है। इसके बाद भी न तो गरीबी हट रही है और ना ही भुखमरी दूर हो रही है। वैश्विक भुखमरी सूचकांक में भारत 116 देशों की सूची में 94वें स्थान पे लुढ़क कर 101वें स्थान पर आ गया है। भारत से बेहतर स्थिति में तो पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे भिखमंगे देश है। जाहिर है योजनाओं के क्रियान्वयन में गड़बड़ झाला है। गरीबो के हलक तक पहुंचने से पहले ही निवाले की बंदरबांट होगी तो भुखमरी भला कैसे दूर होगी।

सूर्योदय

उदय :	6:27 एम
अस्त :	5:45 पीएम

जनसंख्या

विश्व :	7,900,400,180
भारत :	1,397,848,109

बाजार

सेंसेक्स :	59299.32
निफ्टी :	17691.25
गोल्ड :	48,755 प्रति 10 ग्राम
चांदी :	67,400 प्रति किग्रा
अण्डा दर :	4.31

जम्मू कश्मीर में आम नागरिकों की हत्या के बीच गृह मंत्रालय पहुंचे सभी राज्यों के डीजीपी और आईजी

सुरक्षा अधिकारियों के साथ गृहमंत्री की हाईलेवल मीटिंग

नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर में नागरिकों की हत्या की बढ़ती घटनाओं के बीच सरकार एक्शन में है। बड़ी खबर ये है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह सभी राज्यों के डीजीपी और आईजी के साथ बैठक करेंगे। ये बैठक दोपहर दो बजे शुरू होगी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी इस बैठक में होंगे।

जम्मू कश्मीर में टारगेटेड किलिंग मामले में गृह मंत्रालय की पैनी नजर बनाए हुए हैं। गृह मंत्रालय सूत्रों के मुताबिक गृह मंत्रालय ने सीआरपीएफ के डीजी कुलदीप सिंह को जम्मू कश्मीर भेजा है। कुलदीप सिंह ठकअ के भी डीजी हैं। सूत्रों के मुताबिक जम्मू कश्मीर में कइ, सेना, के सीनियर अधिकारी इस समय कैम्प कर रहे हैं, जो हर एक इंटेलिजेंस इनपुट्स को मॉनिटर कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक आतंकी सुरक्षाबलों ऑपरेशन की बौखलाहट में टारगेटेड किलिंग कर रहे हैं।

पिछले 9 दिनों में सुरक्षा बलों ने अलग अलग मुठभेड़ में 13 आतंकी को ढेर किया है। इस साल जनवरी से लेकर अब तक के आँकड़ों के मुताबिक जहां 132 से ज्यादा आतंकियों को सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन में मारा है। वहीं 254 आतंकियो को गिरफ्तार भी किया गया है।

आंकड़ों के मुताबिक सुरक्षा बलों ने इस साल 30 सितंबर तक 105 एके-47 राइफेल, 126 पिस्टल और 276 हैंड ग्रेनेड बरामद कर चुके हैं। 126 पिस्टल की बरामदगी से साफ पता चलता है कि आतंकी हमले के लिए छोटे हथियारों का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं। पिछले साल आतंकियों के पास से 163 पिस्टल बरामद हुए थे, जबकि साल 2019 में 48 और 2018 में कुल 27 पिस्टल आतंकियों से जब्त किए गए थे। इस साल 38 ऐसे मामले सामने आए हैं जिसमे आतंकी सुरक्षा बलों पर अचानक हमला बोल घटना की जगह से फरार हो गए।

जम्मू-कश्मीर में दो दिन में चार मजदूरों की हत्या

गैर-कश्मीरियों पर आतंकी हमलों के बाद बदला माहौल, मजदूरों ने बताया वहां हालात डरावने

16 अक्टूबर बिहार के अरविंद कुमार साह, UP के सगीर अहमद | 17 अक्टूबर बिहार के राजा ऋषि देव और जोगिंदर ऋषि देव

जम्मू-कश्मीर में बीते कुछ दिनों से बाहरी लोगों पर हमले बढ़ गए हैं। आतंकी यहां खासतौर से गैर-कश्मीरी मजदूरों को निशाना बना रहे हैं। रविवार को ही आतंकियों ने साउथ कश्मीर के कुलगाम में बिहार के 3 लोगों को गोली मार दी। इनमें से 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल है। कुलगांव के लारन गंजीपोरा एरिया में जिन्हें गोली मारी गई, वे सभी मजदूर थे।इससे पहले, शनिवार को आतंकियों ने श्रीनगर के ईदगाह इलाके में बिहार के एक हॉकर को गोली मार दी थी। गंभीर स्थिति में उसे श्रीनगर के रटल्र अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मारे गए व्यक्ति का नाम अरविंद कुमार साह था। वह बिहार के बांका जिले का रहने वाला था और रेहड़ी लगाकर पानी पुरी बेचता था। दूसरी घटना में आतंकियों ने शनिवार को ही पुलवामा में सगीर अहमद नाम के शख्स को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। वढ का रहने वाला सगीर कारपेंटर था।

कोर्ट के अंदर अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या

शाहजहांपुर में जिला अदालत के रिकॉर्ड रूम में वकील को गोली मारी, फिर पिस्टल छोड़कर भागा बदमाश

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में दिनदहाड़े कोर्ट के अंदर एक वकील की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह थाना सदर बाजार स्थित तीसरी मंजिल में बने ऑफिस गए थे। आरोपी ने वकील को पीछे से सिर में गोली मारी। इसके बाद वह तमंचा मौके पर छोड़कर भाग निकला। उधर, डीएम और एसपी ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी है कि जमीन विवाद को लेकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। हर पहलू पर जांच की जा रही है। सोमवार को यह वारदात करीब 11 बजकर 45 मिनट पर हुई। वकील भूपेंद्र सिंह (60) कोर्ट की तीसरी मंजिल में अउखट ऑफिस की ओर जा रहे थे, तभी किसी ने तमंचे से उन पर फायर कर दिया। गोली सिर के पीछे के हिस्से में लगी। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। उधर, कोर्ट परिसर में दिनदहाड़े वकील की हत्या पर वकीलों में काफी गुस्सा है। वकील प्रदर्शन और सड़क पर जाम लगाकर अपने गुस्से का इजहार कर रहे हैं।

बड़े भाई ने लगाया हत्या का आरोप- वकील भूपेंद्र प्रताप 3 भाइयों में सबसे छोटे थे। बड़े भाई योगेंद्र प्रताप हैं, मंझले भाई महेन्द्र प्रताप हैं। योगेंद्र ने हत्या की तहरीर दी है। इसमें उन्होंने चौक कोतवाली क्षेत्र के एक ही परिवार के तीन लोगों पर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि छोटे भाई भूपेंद्र प्रताप का इन लोगों के साथ संपत्ति को लेकर मुकदमा चल रहा था। जनता इंटर कॉलेज के पास के यह लोग रहने वाले हैं।

वारदात के समय कोई मौजूद नहीं था- जिस वक्त वारदात हुई उस वक्त ऑफिस में कोई मौजूद नहीं था, इसलिए काफी देर तक किसी को पता नहीं चल सका। बाद में एक क्लर्क वहां पहुंचा, तो भूपेंद्र सिंह को जमीन पर पड़े हुए थे और उनके सिर से खून निकल रहा था।

रणजीत हत्याकांड में राम रहीम को उम्रकैद

डेरा प्रमुख के साथ चारों दोषियों को भी आजीवन कारावास, राम रहीम पर 31 लाख का जुर्माना

चंडीगढ़/पंचकूला। रणजीत सिंह हत्याकांड में अदालत ने डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख राम रहीम समेत 5 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। इस केस में राम रहीम के अलावा बाकी चार दोषियों के नाम जसबीर, अवतार, कृष्ण लाल और सबदिल हैं। पंचकूला में CBI जज सुशील गर्ग ने राम रहीम पर 31 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। बाकी चारों दोषियों पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। राम रहीम को इससे पहले पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में भी उम्रकैद की सजा हो चुकी है। इसके अलावा दो साध्वियों के यौन शोषण मामले में भी राम रहीम को 10-10 साल की सजा हो चुकी है। डेरा प्रमुख राम रहीम के एडवोकेट अजय बर्मन ने कहा कि वह फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे।

राजस्थान सरकार के जनसंपर्क विभाग का ट्विटर अकाउंट हैक, एलन मस्क का लिखा नाम

नई दिल्ली। राजस्थान सरकार के प्रचार की जिम्मेदारी संभालने वाले सूचना जनसंपर्क निदेशालय का ऑफिशियल ट्विवटर हैंडल रविवार देर रात हैक कर लिया गया। अकाउंट का नाम एलन मस्क कर दिया और स्पेस क्राफ्ट की तस्वीर लगा दी गई। सोमवार सुबह अफसरों को इसके बारे में पता लगा तो हलचल शुरू हुई। आईटी एक्सपर्ट ने थोड़ी देर में अकाउंट को रिकवर कर लिया। हैकर ने अभी सिर्फ फोटो ही बदला था। कंटेंट में किसी तरह का छेड़छाड़ नहीं की थी। अब सोशल मीडिया अकाउंट्स के सिक्योरिटी फीचर्स को लेकर रिव्यू किया जा रहा है।

बुरहानपुर में कंप्यूटर बाबा का वाहन दुर्घटनाग्रस्त

बुरहानपुर। पूर्व सीएम कमल नाथ की सभा में शामिल होने जा रहे कंप्यूटर बाबा नामदेव दास त्यागी का वाहन इंदौर-इच्छापुर हाइवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में उन्में मामूली चोट आई है। हादसे के बाद घायल कंप्यूटर बाबा का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वे इसे दुर्घटना नहीं साजिश बता रहे हैं। वे कह रहे हैं कि इसकी जांच होनी चाहिए, यह जानबूझकर किया गया है। गाड़ी देखकर ही यह समझ आ जाएगा। हमको क्यों लोग परेशान कर रहे हैं, इसका पता लग जाएगा। हमारी गाड़ी के सामने अचानक गाड़ी आई है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सोमवार को धुलकोट पहुंचे। उन्होंने चुनावी सभा में कांग्रेस कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया। कमलनाथ ने कहा कि 21 साल में 8 चुनाव हुए। उसमें से सात बार आपने भाजपा पर भरोसा जताया, लेकिन झूठ बोलने वाली इस पार्टी ने क्षेत्र का विकास नहीं किया। कोरोनाकाल के दौरान कई लोगों की मौत हुई लेकिन सरकार ऑक्सीजन और भारी सुविधाएं होने का दावा करती रही। प्रदेश की स्थिति यह है कि ना तो अस्पताल में डाक्टर है और ना ही स्कूल में शिक्षक। मुख्यमंत्री की स्थिति यह है कि जहाँ नदी नहीं है वहां भी पुल की घोषणा कर देते हैं।

दिल्ली में प्रदूषण, पड़ोसी राज्यों के पराली जलाने से बढ़ा है

नई दिल्ली। दिल्ली की एयर क्वालिटी बहुत खराब की श्रेणी में पहुंचने के बाद वहां के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पड़ोसी राज्यों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने के कारण प्रदूषण बढ़ा है क्योंकि वहां की सरकारें इसे रोकने में किसानों की मदद के लिए कोई प्रयास नहीं कर रही हैं। उन्होंने पंजाब, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश की सरकारों से पराली जलाने में कमी लाने एवं प्रदूषण को नियंत्रित करने के प्रति अपनी जिम्मेदारियां समझने की अपील भी की। केजरीवाल ने शालीमार बाग में एक नये अस्पताल की आधारशिला रखते हुए कहा, पिछले एक महीने से मैं दिल्ली में वायु गुणवत्ता को लेकर आंकड़े ट्वीट कर रहा हूं।

किसानों का रेल रोको आंदोलन: अमृतसर में ट्रैक पर बैठे किसान, मुजफ्फरनगर और गाजियाबाद में ट्रेनें रोकीं

नई दिल्ली

लखीमपुर हिंसा के मामले में संयुक्त किसान मोर्चा का आज (सुबह 10 से शाम 6 बजे तक) देश भर में रेल रोको आंदोलन चल रहा है। मोर्चे का कहना है कि लखीमपुर मामले की निष्पक्ष जांच तब तक नहीं हो सकती, जब तक केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र को बर्खास्त नहीं किया जाता। संगठन के नेताओं की मांग है कि मिश्र को मंत्रिमंडल से हटाने के बाद उन्हें गिरफ्तार भी किया जाए। मोर्चा ने लखीमपुर मामले को नरसंहार बताया है। अमृतसर में किसान रेलवे ट्रैक पर ही धरना दे रहे हैं।

किसानों के आंदोलन के चलते दिल्ली से रोहतक, पानीपत, सोनीपत, कुरुक्षेत्र, कैथल, बहादुरगढ़, अंबाला, जालंधर, लुधियाना, चंडीगढ़, अमृतसर, जम्मू, मेरठ, गाजियाबाद, शामली, सहारनपुर, मुरादाबाद समेत कुछ नजदीकी सेक्शंस पर रेल ट्रैफिक पर ज्यादा असर पड़ा है। इन रूट्स पर इससे पहले भी कई बार अलग-अलग जगहों पर किसान रेलवे ट्रैक जाम कर चुके हैं। रेवाड़ी में किसान दिल्ली-जयपुर हाईवे के जयसिंहपुर खेड़ा बॉर्डर पर 10 महीने से धरना दे रहे हैं। आज किसान राजस्थान की सीमा में अजरका रेलवे स्टेशन पर रेवाड़ी-अलवर रेलवे ट्रैक पर बैठे हैं। किसान रेवाड़ी के रेलवे स्टेशन पर भी विरोध प्रदर्शन करते हुए पहुंचे। वहीं किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए रेवाड़ी स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। रेवाड़ी रेलवे स्टेशन के अलावा बावल समेत कई स्टेशन पर और रेवाड़ी पुलिस के जवानों को तैनात है। संयुक्त किसान मोर्चा के रेवाड़ी अध्यक्ष कामरेड राजेंद्र सिंह ने बताया कि सभी कार्यकर्ता सुबह 10 बजे से पहले रेवाड़ी की नई अनाज मंडी में एकत्रित हुए। यहां से प्रदर्शन करते हुए रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पर पहुंचे, जहां रेवाड़ी-दिल्ली ट्रैक को जाम किया गया। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर रोहतक में किसानों ने रेलवे स्टेशन रोहतक, मकड़ौली-जसिया रेलवे फाटक, कलानौर में कॉलेज मोड़ फाटक, लाखनमाजरा स्टेशन और खरावड़ स्टेशन के पास धरना दिया और ट्रेन रोकी। यात्रियों को दिक्कतें न हो, इसके लिए किसानों ने भंडारे की भी व्यवस्था की है।

सूरत की पैकेजिंग फैक्ट्री में लगी आग 2 की मौत

अहमदाबाद। गुजरात में सूरत के कडोडोरा में तड़के में एक पैकेजिंग फैक्ट्री में आग लग गई। घटना में 2 मजदूरों की मौत हो गई। 145 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है। आग से बचने के लिए कई मजदूर पांच मंजिला इमारत से कूद गए, जिससे कुछ के घायल होने की भी खबर है।सूरत फायर ब्रिगेड ने बताया कि उन्हें हादसे की जानकारी सुबह 4.30 बजे मिली। इसके तुरंत बाद फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और दमकलकर्मी बचाव कार्य में जुट गए। उन्हें आग पर काबू पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब साढ़े तीन घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका। 108 एंबुलेंस के एटए निकेश लिखर ने बताया कि 20 कर्मचारी जल गए। 15 लोगों को सूरत के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुबह से पुणे, वराछा, गोदादरा, लिंबायत, नवगाम और सूरत के 108 एंबुलेंस के कर्मचारी मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में लगे हुए हैं। आग लगने की वजह फिलहाल पता नहीं चल पाई है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब आग लगी तो कई मजदूर पांचवीं मंजिल पर काम कर रहे थे। आग की लपटें उठते देख मजदूर डर गए और जान बचाने के लिए वहीं से कूद गए।

बांग्लादेश में उपद्रवियों ने हिंदुओं के 20 घरों में लगाई आग, पुलिस के साथ झड़प

ढाका। बांग्लादेश में हिंदुओं के प्रति हिंसा जारी है। दुर्गा पूजा पंडालों और इस्कॉन मंदिर में तोड़फोड़ और हिंसा के बाद अब रंगपुर में उपद्रवियों ने हिंदुओं के 20 घरों को जला दिया है। वहीं, स्थानीय संघ परिषद के अध्यक्ष के मुताबिक उपद्रवियों ने कम से कम 65 घरों में आग लगाई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, उपद्रवियों की पुलिस के साथ झड़प भी हुई है। ढाका ट्रिब्यून के अध्यक्ष मोहम्मद सादकुल इस्लाम के अनुसार, उपद्रवी जमात-ए-इस्लामी और छात्र शाखा इस्लामी छात्र शिविर की स्थानीय इकाई के थे। बांग्लादेश मीडिया की खबर के अनुसार, रविवार को रंगपुर के उपजिला पीरगंज में हिंदुओं के घरों में तोड़फोड़ के बाद आग लगाई गई। रामनाथपुर यूनियन में माझीपारा के जेलपोली में इस्लामिक कट्टरपंथियों के एक समूह ने हिंदुओं के घरों पर हमला किया। इसमें 20 घरों को जला दिया गया।

बांग्लादेश में हिन्दू मंदिरों पर हमले 13 अक्टूबर से शुरू हुए। अष्टमी के दिन मूर्ति विसर्जन के मौके पर कई पूजा मंडपों में तोड़फोड़ हुई। सोशल मीडिया पर अफवाह उड़ी थी कि पूजा पंडाल में कुरान मिली है, जिसके बाद कई जगहों पर हिंसक घटनाएं हुईं। उपद्रवियों ने चिट्टागांव के कोमिला इलाके में दुर्गा पंडालों पर हमले किए, जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई थी। इसके अलावा चांदपुर, चिट्टागांव, गाजीपुर, बंदरबन, चपाईनवाबगंज और मौलवीबाजार में कई पूजा पंडालों में तोड़फोड़ की गई। पुलिस का कहना है कि एक हिंदू व्यक्ति ने फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट की थी। इसके बाद तनाव पैदा हो गया। तनाव बढ़ने के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के घर के चारों ओर पहरा दे दिया।

मानसूनी तबाही : केरल में अब तक 27 की मौत

उत्तराखंड में रेड अलर्ट, दिल्ली, उप्र और मप्र में भारी बारिश की संभावना

नई दिल्ली.

मानसून खत्म होने से पहले बारिश ने फिर देशभर को तरबतर कर दिया है। कहीं ये बारिश आराम दे रही है, तो कहीं जानलेवा बन गई है। केरल में लगातार हो रही बारिश से हालात बेहद गंभीर बने हुए हैं। यहां बाढ़ और भूस्खलन से अब तक कुल 27 लोगों की जान गई है, जबकि 8 लापता हैं। बीती शाम केरल के कोट्टायम जिले में बाढ़ में पूरा एक घर बह गया। सड़क पर खड़े लोगों ने इस घटना का वीडियो बनाया। हादसे के वक्त घर में कोई नहीं था। किसी को नुकसान पहुंचने की कोई खबर नहीं है। डिफेंस ढफड ने बताया कि इंजीनियरिंग और मेडिकल यूनिट के साथ कन्नूर से सेना के जवानों का दल बचाव कार्यों के लिए वायनाड पहुंच गया है। सेना की ओर से अब तक कुल 3 टुकड़ियां तैनात की गईं हैं। राहत सामग्री के साथ नेवी चॉपर के जरिए बारिश प्रभावित इलाकों का दौरा जारी है। वायुसेना स्टेशन शंगमुघम में वायु सेना के 2 हेलिकॉप्टर टक-17 स्टैंडबाय पर हैं।

मध्यप्रदेश में 24 घंटे से झमाझम बरस रहा पानी

बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के कारण भोपाल समेत पूरे प्रदेश में बीते 24 घंटों से लगातार बारिश हो रही है। भोपाल में 2 इंच तक बारिश होने से जगह-जगह पानी भरने से ट्रैफिक जाम के हालत बन गए, तो इंदौर में भी आधा इंच तक बारिश हो गई। होशंगाबाद, बुरहानपुर और ग्वालियर में दो से लेकर 3 इंच तक पानी गिरा। कुछ घंटों की बारिश से बुरहानपुर का तो महाराष्ट्र से संपर्क तक टूट गया था। बुरहानपुर से महाराष्ट्र को जोड़ने वाले बहादरपुर रोड पर नाले का पानी उफान पर होने से मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र का संपर्क करीब एक घंटे तक टूटा रहा।

दिल्ली-में भी जोरदार बारिश की आशंका

दिल्ली में रविवार से ही बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, आज भी दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम समेत आसपास के कई इलाकों में हल्की से भारी बारिश की आशंका है। वहीं, पश्चिमी वढ और हरियाणा में भी जोरदार गरज के साथ भारी बारिश होने की संभावना है।

बंगाल में 3 दिन बारिश के आसार

बंगाल में 17 से 20 अक्टूबर तक बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तरी तेलंगाना और आसपास के इलाकों में कम दबाव का क्षेत्र बनने से बंगाल में बारिश की संभावना बन रही है। यहां गरज के साथ बिजली भी गिर सकती है।

उत्तराखंड में रेड अलर्ट

उत्तर भारत की बात करें तो मध्यप्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड में भी बारिश जारी है। उत्तराखंड के लिए मौसम विभाग ने सोमवार के लिए रेड अलर्ट और मंगलवार के लिए ऑरेंज जारी किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चार धाम यात्रा को फिलहाल रोक दिया गया है। सोमवार के लिए स्कूलों को बंद रखा गया है।

करौंदी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भक्तों ने मां दुर्गा को दी नम आंखों से विदाई, निकाला गया चल समारोह

नवप्रदेश, शहपुरा डिण्डौरी। मां जगत जननी आदिशक्ति जगदंबा की आराधना के पावन पर्व नवरात्रि के अवसर पर भक्तों ने मां दुर्गा व माता महाकाली की प्रतिमा स्थापित कर 9 दिनों तक विधि-विधान से पूजन अर्चन किया। शहपुरा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में नवरात्रि के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। वही रविवार व सोमवार को ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरानुसार आश्विन एकादशी व द्वादशी को भक्तों ने मां भगवती का विसर्जन चल समारोह निकालकर भावभीनी विदाई दी। करौंदी,बरगांव, बिलगांव, पड़रिया खुर्द व कंचनपुर में मां दुर्गा व काली की प्रतिमाओं का विसर्जन चल समारोह निकाला गया। जिसमें काफी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। वहीं बैंड-बाजे और डीजे की धुन पर ग्रामीणों ने जमकर नृत्य किया । माता की भक्ति में लीन भक्तों ने जमकर भाव भी खेला जो कि आकर्षण का केंद्र रहे।वहीं कंचनपुर में छोटी-छोटी बालिकाओं के द्वारा गरबा डांडिया नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। विसर्जन समारोह के दौरान पंडों व बरूओं ने भाव खेलते हुए खप्पर व बाना रखे।कंचनपुर , बरगांव व बिलगांव में प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही रावण दहन भी किया गया। जिसे देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।आपको बता दें कि शहपुरा के ग्रामीण क्षेत्रों में मां दुर्गा काली की प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला विजयादशमी से शरद पूर्णिमा तक चलता है। जहां दसवीं, एकादशी और द्वादशी को मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है। तो वहीं कुछ जगहों पर काली की प्रतिमाओं का विसर्जन शरद पूर्णिमा को होता है।करौंदी में विसर्जन चल समारोह के दौरान भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

भारत माता को परम वैभव के शिखर तक लेकर जाना ही हमारा लक्ष्य : बृजकांत

मंडला। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मंडला नगर में परंपरानुसार विजयादशमी उत्सव मनाया। नगर की सभी 12 बस्तियों से संघ के स्वयंसेवक पथ संचालन करते हुए स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड पहुंचे जहां नगर का विजयादशमी उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ मंचासीन मुख्य अथिति आनंद अग्रवाल, मुख्य वक्ता संघ के सह प्रांत प्रचारक बृजकांत, जिला संघचालक हीरानंद चंद्रवंशी एवं नगर संघचालक रामेश्वर अग्रवाल द्वारा परंपरा अनुसार शस्त्र पूजन एवं भारत माता, सरसंघचालक डॉ हेडगेवार व द्वितीय सरसंघचालक श्रीगुरूजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्जवलन से हुआ। जिला प्रचार प्रमुख विवेक अग्निहोत्री ने बताया की इस अवसर पर मुख्य अथिति आनंद अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में सभी स्वयंसेवकों को विजयादशमी पर्व एवं आयोजित कार्यक्रम की बधाई दी। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता संघ के महाकौशल प्रान्त के सह प्रान्त प्रचारक बृजकांत ने कहा कि विज्ञानिकों ने मनुष्य की उत्पत्ति के कारण की तलाश में गॉड पार्टिकल की खोज की और हमारे पुरातन ग्रंथों में भी यही लिखा है कि सारे मनुष्य की रचना उस ईश्वर तत्व से हुई है जिसको ऊर्जा कहते हैं।

कोदो कुटकी तिहार कार्यक्रम का हुआ समापन

मंडला। कान्हा नेशनल पार्क क्षेत्र के मोचा पंचायत भवन परिसर में पहली बार एक जिला एक उत्पाद के तहत कोदो कुटकी के उत्पाद व गौंडी पेंटिग कला का प्रदर्शनी विभिन्ना विभागों के स्टाल लगाकर किया गया। कोदों कुटकी तिहार नाम से यह आयोजन 10 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ था। जिसका समापन रविवार को मोचा के पंचायत भवन परिसर में किया गया। तिहार में विभिन्ना विभागों के कृषि, रेशम, उद्यानिकी एवं आजीविका विभाग के अलग अलग उत्पादों का भी प्रदर्शन किया गया।समापन कार्यक्रम में कलेक्टर हर्षिका सिंह ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद के तहत कोदों कुटकी एवं विभिन्ना विभागों के उत्पादों का तिहार के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसका सभी विभागों के समन्वय, जिलेवासियों, मीडिया तथा पर्यटकों के माध्यम से अच्छा प्रतिसाद मिला है। आगामी दिनों में भी स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती मरावी ने आदिवासी जिले के व्यंजनों, उत्पादों एवं कलाओं से लोगों को परिचित कराने के लिए हुए इस आयोजन के लिए जिला प्रशासन की सराहना की एवं बधाई दी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष शैलेष मिश्रा ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम के तहत आयोजित कोदो कुटकी तिहार का समापन नहीं बल्कि आगाज हो रहा है। आगामी दिनों में भी जिला प्रशासन के सहयोग से इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिससे मंडला जिले की आदिवासी संस्कृति सहित अन्य उत्पादों का भी व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार हो सके। जिला पंचायत सीईओ सुनील दुबे ने एक जिला एक उत्पाद के तहत् विभिन्ना विभागों के अधिकारियों, लोक कलाकारों, गाईड एसोशिएसन तथा होटल एसोसिएशन के सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

तेंदुए को पकडने की कोशिश में लगा वन विभाग

सिवनी (नव प्रदेश)। वन क्षेत्र से घिरे उगली के कई गांव के आसपास लगातार हो रहे खूंखार तेंदुए के हमलों से क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल है। तेंदुआ बीते एक माह में कई पालतु मवेशियों को अपना निशाना बना चुका है। वहीं एक 17 वर्षीय किशोरी सहित दो लोगों की मौत तेंदुए के हमले में हो चुकी हैं। दक्षिण सामान्य वनमंडल के कान्हीवाड़ा वन परिक्षेत्र अमले ने पांडीवाड़ा व उससे लगे जंगल में पिंजरा लगाकर फुर्तीले तेंदुए को पकडने् का प्रयास किया जा रहा है। रविवार देर शाम तेंदुए के आने जाने वाले रास्ते पर पिंजरा लगा दिया गया है।

गौरतलब है कि पांडीवाड़ा गांव से करीब 3 किमी दूर पहाड़ी क्षेत्र में 16 अक्टूबर शनिवार दोपहर मवेशी चराने गए चरवाहे पिता जंगलू यादव के सामने तेंदुए ने बेटी रवीना यादव (17) हमला कर दबोच लिया था, जिसकी किशोरी की मौत हो गई थी। बेटी को बचाने का प्रयास कर रहे पिता पर भी खूंखार तेंदुए ने झपटने का प्रयास किया था। इससे पहले 15 सितंबर को वन विकास निगम के मोहगांव जंगल में लकड़ी बीनने गई 50 वर्षीय आदिवासी महिला रंजीता पति मोहब्बत सिंह पर तेंदुए ने हमला कर दिया था, जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई थी। जबकि साथ गई दो महिलाओं व एक पुरुष को मौके से भागकर अपनी जान बचानी पड़ी थी। बीते एक माह में तेंदुआ क्षेत्र के पालतु मवेशियों का शिकार कर चुका हैं। इससे क्षेत्रवासियों में डर व भय का माहौल है।

उगली क्षेत्र के मोहगांव, सकरी, पांडीवाड़ा, रतनपुर, कातोली गांव जंगल से घिरे हुए हैं। स्कूली बच्चों को जंगल के रास्ते से होते हुए गांव से स्कूल तक पहुंचना पड़ता है ऐसे में क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी ने पालकों की चिंता बढ़ा दी है। कुछ दिन पहले क्षेत्र के ग्रामीणों ने वन अधिकारियों को आवेदन देकर क्षेत्र में घूम रहे तेंदुए को पकडने् की मांग की थी। जिसके बाद कातोली क्षेत्र में पिंजरा लगाया गया था। वहीं आए दिन हो रहीं घटनाओं का सामना वन विभाग के मैदानी अमले को करना पड़ रहा है। जबकि अधिकारी इस पर गंभीर दिखाई नहीं दे रहे हैं। अभी तक कान्हीवाड़ा वनपरिक्षेत्र के पशुहानि के 7 मामले सामने आ चुके हैं।

तेंदुआ बेहद फुर्तीला होता है जो पेड़ अथवा पहाड़ की खोह इत्यादि क्षेत्रों में छिपकर रहता है। वन अधिकारियों का कहना है कि बाघ अथवा अन्य वन प्राणियों को लोकेट कर पकड़ा जा सकता है लेकिन तेंदुए के साथ ऐसा करना संभव नहीं है। इसलिए जंगल में शिकार के साथ पिंजरा लगाकर ही तेंदुए को पकड़ा जा सकता है।

वोटर हेल्पलाइन एप से प्राप्त होंगी महत्वपूर्ण जानकारियाँ

सिवनी (नव प्रदेश)। वोटर हेल्प लाइन एप मतदाताओं के लिये मतदाता सूची में अपना नाम खोजने, मतदाता पंजीकरण और संशोधन के लिये फार्म जमा करने, उनकी डिजिटल मतदाता पर्ची डाउनलोड करने, शिकायत करने, चुनाव लडने् वाले उम्मीदवारों के बारे में विवरण खोजने और सबसे महत्वपूर्ण चुनाव के समय परिणाम देखने के लिये व्यापक एप है। वोटर हेल्पलाइन ऐप भारत के चुनाव आयोग का सबसे महत्वपूर्ण मोबाईल एप है। एप में क्यूआर कोड के जरिए मतदान केन्द्रों की तलाशी काफी आसान और तेज हो गई है।

70 लोगों ने भाजपा छोड़ थामा कांग्रेस का दामन

सिवनी (नव प्रदेश)। केवलारी विधानसभा क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से केवलारी के पूर्व विधायक ठा. रजनीश हरवंश सिंह ठाकुर की सक्रियता के चलते कांग्रेस एक बार फिर मजबूत होती दिखाई दे रहे है। श्री सिंह की इस सक्रियता से भाजपा से प्रताड़ित व परेशान नागरिक अब पुन: कांग्रेस की ओर अपना रूख करते नजर आ रहे है और आये दिन देखने में आ रहे है कि लोग भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थाम रहे है इसी कड़ी में गत दिनों विधानसभा क्षेत्र केवलारी के कान्हीवाडा ब्लॉक के ग्राम जोरावारी में रामजी चंद्रवंशी, बसंत चंद्रवंशी, ओमप्रकाश, महेंद्र मरावी के अथक प्रयासो से ज़ोरावारी के 70 लोगों ने बीजेपी का दामन छोड़ कांग्रेस की सदस्यता ली इस अवसर पर मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रजनीश हरवंश सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रमेश साहू,देवचंद चंद्रवंशी, पुनाराम चंद्रवंशी,जिला महामंत्री राजू साहू,जनपद सदस्य राजू जैन, सेक्टर अध्यक्ष बैरागी चौधरी, देवी चंद्रवंशी,बराती लाल ठाकुर, मंशाराम चन्द्रवंशी तेजसिंह पटेल, सगीर अंसारी, गोलू मोदी समेत सभी पदाधिकारि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मिलावट की सूचना देने पोर्टल

सिवनी (नव प्रदेश)। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अन्तर्गत किये जाने वाले विविध कार्यो को समग्र पोर्टल पर लाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एम.आई.एस. शिकायत पोर्टल (पोषण) प्रारंभ किया गया है। जिस पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 विनियम 2011 के प्रावधान, नियम का खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा पालन न किये जाने एवं पदार्थों में मिलावट अथवा अनियमितता संबंधी आम नागरिकों द्वारा गोपनीय तरीके से करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई, इस हेतु आम नागरिक विभागीय वैब एड्रेस पर जाकर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 31 के अन्तर्गत समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य लायसेंस, पंजीयन लेना अनिवार्य है। खाद्य लायसेंस, पंजीयन संबंधी मार्गदर्शन हेतु कार्यालय आयुक्त खाद्य सुरक्षा प्रशासन ईदगाह हिल्स भोपाल में खाद्य सुरक्षा हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है जिसका टेलीफोन 0755-2665036 या ई-मेल आई.डी. है जिस पर मार्गदर्शन

महाराष्ट्र के गोंदिया से आए कलाकारों ने मेंहदवानी में दुर्गा विसर्जन चल समारोह में भी शानदार प्रस्तुति

मेंहदवानी/शहपुरा। नवरात्रि के पावन अवसर पर मेंहदवानी के बस स्टैंड स्थित दुर्गा मढ़िया में विराजित मां भगवती की प्रतिमा को रविवार को भक्तों ने धूमधाम से हर्ष उल्लास मनाते हुए नम आंखों से विदाई दी। यहां सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति मेंहदवानी के द्वारा रविवार को मां भगवती का विसर्जन चल समारोह बड़े ही धूमधाम से निकाला गया। जिसमें विसर्जन कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र के गोंदिया से आए श्याम बाबा पार्टी के 70 कलाकारों ने विसर्जन समारोह में शानदार प्रस्तुति दी। इनमें 30 कलाकारों के द्वारा डीजे धमाल बजाया गया तो वहीं 20 लोगों का दल राम दरबार की झांकी चल समारोह में रहा 20 लोगों का दल डीजे के साथ में था। इस दल में शंकर जी नंदी बैल पर पर सवार होकर पूरे गणों के साथ गांव भ्रमण किया। आपको बता दें कि मेंहदवानी विकासखण्ड मुख्यालय में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा मां दुर्गा विसर्जन चल समारोह प्रतिवर्ष हर्षोल्लास एवं धूमधाम से निकाला जाता है इस वर्ष भी रविवार को सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में ऐतिहासिक चल समारोह निकाला गया। जिसे देखने के लिए मेहंदवानी विकासखंड मुख्यालय के दर्जनों गांवों के ग्रामीण मौजूद रहे। यहां विसर्जन समारोह के दौरान मां भगवती की भक्तों ने भव्य आरती की। इसके बाद ग्राम भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति एवं नवयुवक रामलीला मंडल के सभी पदाधिकारी व सदस्य सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश पटवारी संघ के जिला सचिव सोहन लाल साहू धारा सरस्वती शैक्षणिक एवं समाज उत्थान समिति के सचिव एडवोकेट निर्मल साहू भी कार्यक्रम देखने पहुंचे।

नेशनल स्कॉलरशिप के लिये आवेदन 30 नवम्बर तक

सिवनी (नव प्रदेश)। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा कमजोर अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों के लिये नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन-पत्र की अन्तिम तिथि 30 नवम्बर 2021 है। प्रीमैट्रिक कक्षा एक से 10 एवं पोस्ट मैट्रिक कक्षा 11 व 12 के लिये स्कूल शिक्षा विभाग के शासकीय अथवा अशासकीय विद्यालयों में पढने् वाले विद्यार्थी पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

बुंदेलखंड की सुप्रसिद्ध देवी भजन गायिका संजो बघेल द्वारा करौंदी में देवी भजनों की दी जा रही सुंदर प्रस्तुति, मंत्रमुग्ध हुए ग्रामीण

नवप्रदेश, शहपुरा डिण्डौरी। बुंदेलखंड की सुप्रसिद्ध देवी भजन गायिका संजो बघेल के द्वारा शहपुरा विकासखंड के करौंदी गांव के फुटबॉल ग्राउंड में नवरात्रि के उपलक्ष्य में देवी जागरण के दौरान देवी भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी गई। वहीं उनकी टीम के कलाकारों के द्वारा शंकर-पार्वती, राधा-कृष्ण व महाकाली की अलग-अलग वेशभूषा में नृत्य किया गया। आपको बता दें कि नवरात्रि के अवसर पर जगह-जगह रामलीला देवी जागरण व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। इसी सिलसिले में शहपुरा विकासखंड के सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति फुटबॉल ग्राउंड करौंदी के द्वारा रविवार की रात देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रख्यात देवी भजन गायिका संजो बघेल, शिल्पी बघेल सहित उनकी टीम के गायकों के द्वारा सुप्रसिद्ध देवी भजन, आल्हा भजनों की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। यहां कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति फुटबॉल ग्राउंड करौंदी के अध्यक्ष लोकधर साहू, उपाध्यक्ष राजकुमार साहू, धर्मेन्द्र साहू,सचिव विजय साहू, संरक्षक लखन साहू, एडवोकेट निर्मल साहू, शिक्षक विवेक कुमार साहू, शिक्षक घनश्याम साहू, मुकेश साहू, तेजीराम साहू, पंचम लाल साहू, कोषाध्यक्ष राकेश साहू, पूजन पंडा रज्जू लाल साहू सहित समिति के युवा सदस्य दीपू साहू, मन्तू चिंटू उसराठे, भीमसेन, कैलाश, सोनू, दौआ, विपिन, धर्मेंद्र लाला व हजारों की संख्या में मौजूद ग्रामीणों ने देवी भजनों में मंत्रमुग्ध होकर धर्म लाभ अर्जित किया। वहीं देवी भजनों की प्रस्तुति के दौरान जमकर झूम उठे। देवी जागरण का कार्यक्रम देखने के लिए राष्टीय तेली साहू महा संगठन के जिला अध्यक्ष दुर्गेश साहू भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष बद्री साहू भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष टेकेश्वर साहू, मध्य प्रदेश पटवारी संघ के जिला सचिव वाह करौंदी ग्राम के पटवारी सोहन लाल साहू,पत्रकार भीमशंकर साहू, रघुनंदन चक्रवर्ती ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।आपको बता दें कि करौंदी में रविवार को देवी जागरण का कार्यक्रम देखने के लिए शहपुरा व मेंहदवानी विकासखंड के दर्जनों गांवों के हजारों की संख्या में ग्रामीण कार्यक्रम स्थल में पहुंचे थे। जहां पर देवी भजनों की प्रस्तुति के दौरान तालियों की गड़गड़ाहट और मातारानी के जयकारे से फुटबॉल ग्राउंड सहित करौंदी गांव गूंज उठा। सुप्रसिद्ध देवी भजन व आल्हा भजन गायिका संजो बघेल ने अपने सुरीले अंदाज़ में बेहतरीन प्रस्तुतियां दी प्रस्तुति के दौरान ग्रामीण झूम उठे और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती व माता महाकाली के नृत्य की प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। वहीं कार्यक्रम के बाद संजो बघेल नेआयोजन समिति से कहा कि कार्यक्रम सुचारू रूप से चला हमें लोगों का यहां बहुत प्यार मिला।वहीं अंत में शिव शक्ति देवी जागरण ग्रुप की टीम एवं सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति के पदाधिकारियों वह कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों ने मां भगवती की आरती की।

रेलवे रैक से नमक खाली करने वाले और ब्लीचिंग उद्योग के मजदूरों के जीवन के साथ हो रहा खिलवाड़

सोडा कास्टिक यूनिट ओपीएम अमलाई में बरसों से हो रहा स्थानीय मजदूरों का शोषण

शहडोल नवप्रदेश

प्राप्त जानकारी के अनुसार कागज कारखाना ओरियंट पेपर मिल अमलाई की आड़ पर सह उद्योग सोडा कास्टिक यूनिट हेवी केमिकल प्लांट निरंतर कागज कारखाना की शह पर दिन दूनी और रात चौगुनी उत्पादन कर करोड़ों रुपए कमा रही है किंतु यह बात निश्चित तौर पर सही मानी जा सकती है की वेलफेयर राशि का उपयोग इतने वर्षों से संचालित उद्योग के द्वारा आसपास के प्रभावित ग्रामों और ग्रामीण जनों के लिए मूलभूत एवं बुनियादी सुविधाओं से बचने का प्रयास करते हुए जनहित में कोई कार्य न करना इनकी आदत में शुमार है।

मरकरी प्रदूषण से मुक्त हुए तो अब ब्लीचिंग उद्योग बना परेशानी का सबब।

जबकि इन उद्योगों के द्वारा उत्पादन का तीन परसेंट राशि जनहित में खर्च करना सुनिश्चित है किंतु इनके द्वारा बरसों से यहां के स्थानीय जनों को पूर्व में सेल हाउस प्लांट चलाने के लिए उपयोग की जाने वाली मरकरी सेल प्रदूषण की गिरफ्त में ग्रामीणों को धीमी जहर बांटी गई कलई खुलने पर इनके द्वारा सन 2012 में पूरे भारतवर्ष में उद्योगों में उपयोग की जाने वाली मरकरी को पूर्ण प्रतिबंधित कर दिया गया जिसकी वजह से इन संस्थानों के द्वारा निरंतर उपयोग किया जाता रहा जिसकी वजह से इस मरकरी प्रदूषण से अनभिज्ञ और अनजान बरगवां वासी एवं उद्योग के अंदर कार्यरत स्थाई श्रमिक अकुशल मजदूर ठेकेदारी मजदूर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से उद्योग के अंदर मजदूरी करने आ रहे मजदूरों के स्वास्थ्य के साथ चुपचाप कई प्रकार के रोगों जैसे लकवा ग्रस्त होना अस्थमा सांसो को लेने में परेशानी टीवी और कई ऐसे घातक बीमारियों के हवाले किया गया। मरकरी जैसी घातक रसायन के कारण क्रमशः परिवार के एक सदस्य में नपुंसकता जैसी घातक अनुवांशिक रोग का प्रभाव पूरे परिवार को प्रभावित करता है।

नमक रैक खाली करने के लिए आने वाले मजदूर पूर्व में भी हो चुके हैं मौत का शिकार

सोडा कास्टिक एसिड बनाने के लिए उपयोग में लाई जाने वाली नमक जोकि इनके द्वारा रेलवे रैक के माध्यम से यहां पर अनूपपुर जिले के राजेंद्रग्राम,लेढ़ रा, करपा के मजदूरों अकुशल श्रमिकों का उपयोग नियुक्त ठेकेदार के द्वारा बिना राज्य कर्मचारी बीमा और भविष्य निधि योजना का लाभ दिए बिना आए दिन उद्योग के अंदर सैकड़ों की संख्या में अवैधानिक रूप से प्रवेश देकर खाली कराए जाते हैं सूत्रों के मुताबिक बताया जाता है कि यह कोई पहली घटना नहीं पूर्व में भी नमक कार्य खाली करते समय कई मजदूरों ने जान गवाई है। ठेकेदार के द्वारा अपने बस वाहन से जो कि विद्यालय के लिए बच्चों को लाने ले जाने का कार्य करती है उसी बस के माध्यम से इन मजदूरों को इनके ग्रह ग्राम से लाकर नमक रैक खाली कराने के लिए लाया जाता है।

जान जोखिम में डाल रहा प्रबंधन मजदूरों का नवनिर्मित ब्लीचिंग उद्योग

सोडा कास्टिक यूनिट ओरिएंट पेपर मिल के अंदर बिना अनुमति के उद्योग के कास्टिक एसिड बनाने के बाद ब चे अपशिष्ट पदार्थ चूने का उपयोग ब्लीचिंग पाउडर बनाने में किया जा रहा है जिसमें यह ब्लीचिंग उद्योग कुछ समय पूर्व ही निर्माण कार्य किया गया है।
विश्व स्त सूत्रों के मुताबिक बताया जाता है कि इस ब्लीचिंग उद्योग ने घातक और खतरनाक अपशिष्ट अर्थात रिजेक्ट केमिकल युक्त चूने के माध्यम से ब्लीचिंग पाउडर निर्माण किया जाता है जिसकी दुर्गंध की वजह से वहां कार्यरत मजदूर कोई और नहीं उद्योग का कुशल श्रमिक इस उद्योग में कार्य नहीं करता बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के गरीब बेबस लाचार आमदनी के चक्कर में कम वेतन पर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। जबकि यह कार्य भी एक ही ठेकेदार के द्वारा संपादित किया जाता है जिसके द्वारा इन मजदूरों को निर्धारित मजदूरी भुगतान ना करके मजदूरों का भरपूर शोषण किया जाता है ज्ञात हो की इस ब्लीचिंग उद्योग के अंदर कार्य कर रहे मजदूरों को किसी भी प्रकार की सुरक्षा उपकरणों को उपलब्ध नहीं कराया जाता इसके उड़ते डस्ट नाक से सांस लेने पर शरीर के अंदर कई अंगों को प्रभावित करता है जिसकी वजह से आंखों में जलन, भूख न लगना, पेट में दर्द, नींद नहीं आना, खांसी सर्दी जैसी घातक बीमारियों के गिरफ्त में आए दिन मजदूर आ रहे हैं। पता चला है कि इस उद्योग में कार्य करने वाले ग्रामीण मजदूर कुछ महीने ही कार्य कर पाते हैं उसके बाद किसी ना किसी बीमारी का शिकार हो जाते हैं। इस प्रकार सोडा कास्टिक यूनिट प्रबंधक वर्ग और ठेकेदार के द्वारा गरीब मजदूरों की जिंदगी के साथ चंद रुपयों की चाहत में खिलवाड़ करने में लगी है।

न्यूज अपडेट

ईद मिलादुन्नबी पर्व को लेकर बैठक आयोजित

धनपुरी नवप्रदेश। ईद मिलादुन्नबी पर्व को लेकर एसडीओपी धनपुरी, एसडीएम सुहागपुर, नायब तहसीलदार बुढार की उपस्थिति में थाना धनपुरी में सभी मस्जिदों के सदर साहब, हाफिज व मौलाना साहब, अंजुमन व समाज के गणमान्य नागरिक जनों की उपस्थिति में शासन के द्वारा जारी कार्यपालिक आदेश को पढ़कर विचार सांझा किए गएद्य सभी ने उपस्थित जनों ने शासन के आदेश व कोविड प्रोटोकॉल का पालन हेतू सर्व सहमति व्यक्त कर एकजुटता से पालन का आश्वासन दिया।

मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष बने लाल

शहडोल नवप्रदेश। मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन की बैठक बीते दिवस आयोजित की गई जिसमें पहले की गठित कार्यकारिणी को भंग करते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया गयाद्य नई कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से डॉक्टर ए के लाल को अध्यक्ष डॉ आर के शुक्ला एवं डॉ राजेश तिवारी के उपाध्यक्ष डॉक्टर सचिन कार्य खुर्द एवं डॉक्टर राजा सीतलानी को सचिव डॉ डीके पराशर को सह सचिव एवं डॉ भूपेंद्र सिंह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन की गठित नवीन कार्यकारिणी में डॉ राजेश पांडे डॉक्टर वीएस बारिया, डॉक्टर बी पी पटेल एवं डॉ श्रीवास्तव को एक्टिव मेंबर बनाया गया है

दो माह से नल जल योजना बंद, बूंद बूंद पानी को मोहताज ग्रामवासी

डिंडोरी नवप्रदेश

अमरपुर विकासखंड अन्तर्गत ग्राम जलदामुडीया के मुड़िया टोला के लगभग 40 परिवार पिछले 2 माह से एनएल जल योजना बन्द होने से प्रभावित है। बताया जाता है कि विगत अगस्त से ग्राम में नल जल योजना बंद है। बताया जाता है कि पूर्व में नल जल योजना का संचालन पीएचई विभाग द्वारा किया जा रहा था, पिछले वर्षो से यह योजना ग्राम पंचायत को हस्तांतरित कर दिए जाने के बाद भी योजना संचालित थी किन्तु कम जल आपूर्ति होने से पंचायत द्वारा 7 द्धश्च की मोटर, स्टार्टर, केबिल तार खरीदकर जब योजना शुरू करनी चाही तो विद्युत व्यवस्था में कमी के चलते मोटर को चलने में परेशानी आ रही है, विद्युत मण्डल का कहना है नया ट्रांसफार्मर लगाना होगा। बिजली विभाग में पंचायत द्वारा जानकारी दी जा चुकी है। अब तक बरसात के चलते कुएं और हेंड पम्प से लोग गुजर बसर का रहे थे किन्तु अब समस्या बेहद जटिल हो रही है। विदित हो कि गांव में भीषण जल संकट को देखते हुए 8-10साल पहले क्षश्च विभाग द्वारा नल जल योजना बगैर टंकी के चालू की गई थी जिसे पिछले साल से ग्राम पंचायत देख रेख कर रही है।जवाबदारों के कछुआ चाल की सजा ग्रामवासी 2 माह से भुगत रहे हैं। जबकि इस समय दीवाली की साफ सफाई पुताई हेतु पर्याप्त पानी की आवश्यकता लोगो की होती है। अभी भी पानी की टंकी नहीं है,बोर से सीधे घरों में जल प्रदाय किए जाता है,गांव वाले पानी टंकी की मांग भी कर रहे हैं।

जिम्मेदार लोगों को जनसमस्या से नहीं कोई मतलब

लगभग दो माह से ग्रामीण बूंद बूंद पानी के लिए परेशान है तब भी, 1 माह तो पंचायत वालों को मोटर खरीदने में ही लग गए, अब मोटर लगाने के बाद पता चला कि ट्रांसफार्मर भी खराब है। विद्युत विभाग द्वारा जब तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला जाता ग्रामीण जन को जेल संकट झेलना होगा। सरकार की जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं के बाद भी यदि वर्षो से चालू योजनाओं का संचालित किया जाना असंभव हो रहा है तब जल जीवन मिशन से ग्रामीण क्षेत्रों में सतत जल आपूर्ति होती रहेगी इस पर लोगों को संदेह पैदा होता है।

स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के ऊपर मधुमक्खियों ने किया हमला,हमले में हुऐ लगभग दर्जनों छात्र बेहोश

डिण्डोरी नवप्रदेश

डिंडोरी जिले के अंतर्गत आने वाला संकुल केंद्र शाहपुर के अंतर्गत आने वाला शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मुड़िया खुर्द में मधुमक्खियों का हमला, जिसमें स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के ऊपर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे लगभग दर्जनों छात्र बेहोश हो गए ,आनन-फानन में 108 डायल करके छात्र-छात्राओं को जिला चिकित्सालय इलाज के लिए पहुंचाया गया है, ग्रामीणों की माने तो स्कूल में पदस्थ शिक्षकों की लापरवाही के कारण यह घटना घटित हुई है, एक छात्र के पालक ने जब स्कूल के प्राचार्य से संपर्क किया तो प्राचार्य द्वारा जवाब दिया गया कि इसमें हमारी कोई जवाबदारी नहीं है, ऐसा कहकर पल्ला झाड़ लिया, सोचने वाली बात यह है कि, जब स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं की शिक्षकों के ऊपर कोई जवाबदारी नहीं है, तो भला स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं की जवाबदारी किसकी बनती है! पलकों का कहना है, कि स्कूल के शिक्षकों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए ,ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा घटित ना हो सके !

अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवक हुये गंभीर रूप से घायल

बजाग ब्लॉक के गाड़ासरई थानाक्षेत्र के बरगांव में अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों को आई गंभीर चोट, ट्रैफिक मित्र सुभाष मरावी ने उपलब्ध कराई त्वरित सहायता

डिंडौरी नवप्रदेश

जिले के बजाग ब्लॉक के गाड़ासरई थाना अंतर्गत बरगांव में हनुमान मंदिर के पास रविवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद ट्रैफिक मित्र सुभाष मरावी ने तत्परता दिखाई और पुलिस को सूचना देकर घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया। गाड़ासरई थाना इंचार्ज इंस्पेक्टर भूपेंद्र सिंह पन्द्रो ने बताया कि दोनों युवक अनूपपुर जिले के बेलडोंगरी के रहने वाले हैं। वह डिंडौरी से गाड़ासरई की ओर आ रहे थे। बरगांव में हनुमान मंदिर के पास किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 24 वर्षीय राजकुमार विश्वकर्मा (पिता छोटे लाल) और 25 वर्षीय महेंद्र सिंह पिता (ननसा सिंह) शामिल हैं। इधर, थाना प्रभारी ने भी सहजता के परिचय दिया और जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर घायलों का हाल जाना। ट्रैफिक मित्र सुभाष मरावी ने बताया कि घटना के वह बस स्टैंड पर थे, जहां उन्हें युवकों के घायल होने की जानकारी मिली। सुभाष ने बिना देर किए मौके पर जाकर घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

बोड्डीहा खदान में अवैध रेत कारोबारियों पर कब चलेगा प्रशासन का डंडा

शहडोल।नवप्रेदश

ब्यौहारी तहसील अंतर्गत ग्राम बोड्डीहा से लगी बनास नदी में शासन प्रशासन को चुनौती देते हुए रेत कारोबारियों द्वारा दिन दहाड़े एवं रात समय भारी भरकम मसीनो के माध्यम से रेत का अवैध तरीके से उत्खनन कर बड़े बड़े वाहनों से परिवहन कराये जाने की जानकारी मुखविरों द्वारा लगातार मिल रही है वहीं मिली जानकारी अनुसार स्थानीय शासन प्रशासन के जिम्मेदारों का भी उक्त अवैध रेत उत्खनन कर परिवहन कराने में भरपूर सांठ गांठ होने की खबर सुर्खियों में छाया हुआ है उक्त खदान सहडोल जिले के अंतिम छोर में होने की वजह से कोई भी जिले का अधिकारी बोड्डीहा रेत खदान जाने से कतराते हैं वही मुखवीरों द्वारा मिली जानकारी अनुसार यह भी बताया गया कि संबंधित अवैध रेत माफिया मोके पर करीब दर्जन भर अनजान बाहरी अपराधी प्रवत्ति के व्यक्तियों को मौके पर रखा गया है जो हमेसा ग्रुप बना चार पहिया वाहनों से सघन गस्त में तत्पर रहते हुए हथियारों से लैश रहते हैं जो हर समस्या से किसी भी हालत में मौके पर निपटने को तैयार रहते हैं और इन्ही अपराधी प्रवत्ति के लोगों के डर के कारण माइनिंग अफसर मौके पर नही पहुंच पाते और खुलेआम रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन का बेधड़क कारोबार रेत माफियाओं का फल फूल रहा है

बनास नदी को माफियाओं ने बनाया निसाना

सूत्रों की माने तो सहडोल जिले के व्योहारी तहसील अंतर्गत अंतिम छोर में बसे ग्राम बोड्डीहा के बनास नदी पर रेत माफियाओं द्वारा अपना निशाना साधा गया है जहां रेत कारोबारियों द्वारा अपनी दबंगई के चलते बिना किसी रोक टोक के दिन दहाड़े रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन कराये जाने की खबर सुर्खियों में छाया हुआ है ऐसा नही है कि शासन प्रशासन को बनास नदी में खुलेआम हो रहे भारी भरकम मसीनो द्वारा अवैध रेत उत्खनन कर परिवहन की जानकारी न हो लेकिन पता नही ऐसी क्या समस्या है जो बोड्डीहा खदान का नाम सुर्खियों में आते ही कार्यवाही के नाम पर शासन प्रसासन के हाँथ पैर फूलने लगते हैं

शासन प्रशासन से अवैध रेत खदान पर कार्यवाही की उम्मीद

सहडोल जिले के व्योहारी तहसील अंतर्गत अंतिम छोर में बनास नदी के किनारे पर बसे ग्राम बोड्डीहा के ग्रामीणों का मानना है कि बनास नदी में अपराधी प्रवत्ति के लोग अवैध रेत उत्खनन कर परिवहन करने कराने में माहिर हैं जिनके ऊपर पिछली दफा भारी बल के सांथ शासन प्रशासन द्वारा सुनियोजित तरीके से कार्यवाही की गई थी जहां भारी मात्रा में अवैध रेत का भंडारण भी बरामद किया गया था जो अब पुनः भारी भरकम मसीनो से रेत कारोबारियों द्वारा अवैध उत्खनन कर परिवहन कराने का खेल सुरु कर दिया गया है बहुत ही गंभीर व सोचनीय विषय है कि क्षेत्र के बनास नदी पर अवैध रेत खदान संचालित है जिस पर कार्यवाही के वजाय माफियाओं को प्रशासन का खुला संरक्षण प्राप्त है जिस वजह से रेत कारोबारियों द्वारा खुलेआन शासन प्रशासन को चुनोती देते हुए अवैध कारोबार को अंजाम देने में जुटे हुए हैं पसासन प्रशासन से जनापेक्षा है कि ग्राम बोड्डीहा के बनास नदी में खुलेआम चल रहे अवैध रेत उत्खनन कर परिवहन कराए जाने मामले में दबंगों पर समय रहते कार्यवाही की जाए ताकि क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन पर अंकुश।

दबंग नहीं बनने दे रहे प्रधानमंत्री आवाश



जिला कलेक्ट्रेट डिंडोरी में जनसुनवाई के दौरान एक ऐसा मामला संज्ञान में आया है

डिंडोरी समनापुर -

एक ओर देश के प्रधानमंत्री मोदी वर्ष 2022 तक प्रत्येक नागरिक के पास उसके सपनों का घर दिलाने को लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चला रहे हैं। जिसके अंतर्गत समनापुर जनपद के प्रत्येक पंचायत में भी गांव गांव में पीएम आवास के मकान बनाए जा रहे हैं। वही ऐसे भी मामले सामने आ रहे हैं कि कुछ जगह दबंग, हितग्राहियो के पक्के मकान बनना गवारा नहीं कर रहे हैं तथा स्वीकृत मकानों में रोड़े अटकाने का काम किया जा रहा है। ऐसा ही मामला जनपद समनापुर के करीबी ग्राम पंचायत मझगांव का सामने आया है। जिसमें पीड़ित ने गांव के ही कुछ लोगों के विरुद्ध दबंगता पूर्वक मन तोडऩा एवं अपमानित करने का आरोप लगाया है। जिसमें प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत होने के उपरांत भी गांव के ही दबंगों के चलते हितग्राही को भूमि आवंटित नहीं होने दी जा रही है, और हितग्राही भटकते हुए आज जिला कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में पहुंचकर अपना आवेदन देकर उसने मांग की है कि उसे भूमि आवंटित कर उसके स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कराया जाए। जानकारी के अनुसार समनापुर विकासखंड के मझगांव ग्राम के निवासी बलराम साहू पिता शोभाराम साहू ने आवास के लिए आवेदन किया था जो स्वीकृत हो गया है, किंतु भूमिहीन होने के कारण उसे आबादी भूमि से आवास हेतु भूमि ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध कराई जाना है, जिसके लिए उसने ग्राम पंचायत में विधिवत आवेदन भी दिया था किंतु गांव के कुछ दबंगों के चलते उसे भूमि आवंटित करने से ग्राम सभा ने मना कर दिया और उसका आवास अधर में लटक गया। पटवारी ने अपने प्रतिवेदन में बताया की ग्राम सभा प्रस्ताव पारित कर भूमि न देने की बात कह रही है। आवेदक का आरोप है कि गांव के कुछ दबंग लोगों के विरोध के चलते ग्राम सभा द्वारा उसे भूमि देने की स्वीकृति नहीं दी जा रही है, जबकि आवेदक बीस वर्षों से इस ग्राम का निवासी है और वह किराए के मकान में गांव में रह रहा है वहीं आवेदक ने बताया की मकान मालिक ने भी तीस दिसम्बर तक मकान खाली करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

संपादकीय

भारत में भुखमरी की समस्या

आजादी के बाद से कृषि प्रधान भारत ने गरीबों के कल्याण के लिए तामम योजनाएं बनाई जाती रही है। इसके बावजूद सात दशक बीत गए लेकिन न तो गरीबी टस से मस हुई है ना ही भुखमरी की समस्या से देश को मुक्ति मिली है। वैश्विक भुखमरी सूचकांक ने जो ताजा आंकड़े जारी किए है उसके अनुसार दुनिया के सबसे ज्यादा भुखमरी की समस्या से ग्रसित 116 देशों की सूची में भारत जो पिछले साल 94वें स्थान पर था वह इस साल लुढ़कर 101वें स्थान पर आ गया है। भारत में भुखमरी की समस्या को गंभीर माना गया है। भारत से कहीं अच्छी स्थिति में तो पड़ोसी देश पाकिस्तान और बांग्लादेश है। जिनकी अर्थव्यवस्था जर्जर है। इससे स्पष्ट है कि सरकार द्वारा गरीबों के हित में बनाई जा रही योजनाओ का क्रियान्वयन धरातल पर इमानदारी से नहीं हो रहा है। गरीबों के हक का राशन बिचौलिएं हड़प कर रहे हैं। दशकों पूर्व तात्कालीन प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने कहा था कि ग्रामीण गरीब के लिए केन्द्र से चला एक रुपया उन तक पहुंचते तक दस पैसे में तब्दील हो जाता है। लगता है यह स्थिति अभी तक कायम है। केन्द्र सरकार और राज्य सरकारें गरीबों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं बनाती है उनका क्रियान्वयन भी किया जा रहा है लेकिन लगता है कि ये सभी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। देश में कोई भी गरीब भूखा ना सोए और बच्चे कुपोषित ना हो इसके लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री खाद्यान योजनाओं के तहत बीपीएल परिवारों को एक व दो रुपए किलो में राशन उपलब्ध कराया जा रहा है और अत्यंत गरीबों को निःशुल्क राशन दिया जा रहा है। इसके बावजूद न तो गरीबी ही हट रही है और न ही भुखमरी कम हो रही है। उलटे भुखमरी की समस्या साल दर साल और विकराल होती जा रही है। जो गंभीर चिंता का विषय है। निश्चित रूप से खाद्यान वितरण योजना में अनेक खामिया है और गंभीर अनियमितत्ताएं है। इसे दूर करने के लिए कड़े कदम उठाना निहायत जरूरी है। राशन माफियाओं की नाक में नकेल कसने की आवश्यकता है। ताकि गरीबों का हक कोई बिचौलियां न डकार सके। इसके लिए नई दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने बीपीएल परिवारों के लिए घर पहुंच राशन सेवा की शुरूवात करने की कवायद की थी लेकिन उसे केन्द्र सरकार ने मंजूर नहीं किया। जाहिर है राशन माफिया के दबाव में ही केजरीवाल सरकार की इस अनुकरणीय पहल पर पलिता लगा दिया गया। होना तो यह चाहिए था कि न सिर्फ नई दिल्ली में बल्कि पूरे देश में बीपीएल परिवारों को घर पहुंच राशन सेवा सुलभ कराई जाए। ताकि सत्ता के दलाल उसमें मुंह न मार पाए। जब तक इस तरह की कोई ठोस योजना नहीं बनाई जाएगी। तब तक सार्वजनिक वितरण प्रणाली भ्रष्टाचार की देन चढ़ती रहेगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि भारत के माथे पर चस्पा गरीबी और भुखमरी के कलंक को हटाने के लिए केन्द्र सरकार यथाशिघ्र कारगर कदम उठाएगी।

रक्षा निर्माण को मिली नयी उड़ान

आज 7 नई कंपनियों का उदय

राजनाथ सिंह
रक्षामंत्री भारत सरकार

वर्तमान में हम आत्मनिर्भरता और निर्यात के लिए देश की रक्षा उत्पादन क्षमताओं पर सुव्यावस्थित ढंग से विशेष जोर देने के लिए विभिन्न विशिष्ट क्षेत्रों पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह परिकल्पना की गई है कि इन नई कंपनियों के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र की मौजूदा कंपनियां देश में एक मजबूत 'सैन्य औद्योगिक परिवेश' बनाने के लिए निजी क्षेत्र के साथ मिलकर काम करेंगी। इससे हमें समय पर स्वदेशी क्षमता विकास की योजना बनाकर आयात को कम करने और इन संसाधनों को स्वदेश में ही बने रक्षा उत्पादों की खरीद में लगाने में काफी मदद मिलेगी। इसमें सफलता मिलने पर हमारी अर्थव्यवस्था में व्यापक निवेश आएगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। हालांकि, इस दिशा में आगे विभिन्न तरह की चुनौतियां हैं। सदियों पुरानी परंपराओं और कार्य संस्कृति को रातों-रात बदलना वाकई मुश्किल है।

देह शिव बर मोहे ईहे, शुभ कर्मन ते कबहूं न डरूं, किसी भी बड़े सुधार को शुरू करने और पूरा करने के लिए बहुत धैर्य, प्रतिबद्धता तथा संकल्प की आवश्यकता होती है। हितधारकों की प्रतिस्पर्धी आकांक्षाओं को पूरा करते हुए यथास्थिति में बदलाव के लिए सूक्ष्म संतुलित प्रयास की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में, हमारी सरकार ऐसे मजबूत निर्णय लेने और महत्वपूर्ण सुधार करने में कभी नहीं हिचकिचाती है, जो लाभदायक होने के साथ-साथ राष्ट्र के दीर्घकालिक हित में हों।

रक्षा में आत्मनिर्भरता, भारत की रक्षा उत्पादन नीति की आधारशिला रही है। सरकार द्वारा हाल ही में ÷आत्मनिर्भर भारत÷ के आह्वान से इस लक्ष्य की प्राप्ति को और गति मिली है। भारतीय रक्षा उद्योग, मुख्य रूप से सशस्त्र बलों की जरूरतों को पूरा करता है और इसने बाजार तथा विभिन्न उत्पादों के साथ स्वयं को भी विकसित किया है। निर्यात में हाल की सफलताओं से प्रेरित होकर, भारत एक उभरते हुए रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में अपनी क्षमता के अनुरूप कार्य करने के लिए तैयार है। हमारा लक्ष्य सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से, निर्यात सहित बाजार तक पहुंच के साथ-साथ डिजाइन से लेकर उत्पादन तक में, भारत को रक्षा क्षेत्र के सन्दर्भ में दुनिया के शीर्ष देशों में स्थापित करना है।

2014 के बाद से, भारत सरकार ने रक्षा क्षेत्र में कई सुधार किये हैं, ताकि निर्यात, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और स्वदेशी उत्पादों की मांग को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए एक अनुकूल तंत्र तैयार किया जा सके। आयुध निर्माणी बोर्ड, रक्षा मंत्रालय के अधीन था, जिसे 100 प्रतिशत सरकारी स्वामित्व वाली 7 नई कॉर्पोरेट संस्थाओं में बदलने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया, ताकि कार्य स्वायत्तता व दक्षता को बढ़ाया जा सके और नई विकास क्षमता तथा नवाचार को शुरू किया जा सके। इस निर्णय को निश्चित रूप से इस श्रृंखला का सबसे महत्वपूर्ण सुधार माना जा सकता है।

आयुध निर्माण संयंत्रों का 200 से भी अधिक वर्षों का गौरवशाली इतिहास रहा है। राष्ट्रीय सुरक्षा में उनका बहुमूल्य योगदान रहा है। उनका बुनियादी ढांचा और कुशल मानव

संसाधन देश की महत्वपूर्ण रणनीतिक संपत्ति हैं। हालांकि, पिछले कुछ दशकों में, सशस्त्र बलों द्वारा ओएफबी उत्पादों की उच्च लागत, असंगत गुणवत्ता और आपूर्ति में देरी से संबंधित चिंताएं व्यक्त की गयी हैं।

आयुध निर्माणी बोर्ड (ओएफबी) की मौजूदा प्रणाली में कई खामियां थीं। आयुध निर्माणी बोर्ड के पास अपनी आयुध निर्माणियों (ओएफ) के भीतर सब कुछ उत्पादन करने की विरासत थी, जिसके परिणामस्वरूप आपूर्ति श्रृंखला प्रभावहीन थी और प्रतिस्पर्धी बनने तथा बाजार में नए अवसरों की खोज करने को लेकर प्रोत्साहन की कमी थी। आयुध निर्माणी बोर्ड द्वारा एक ही जगह विविध श्रेणी की वस्तुओं के उत्पादन में शामिल होने के कारण विशेषज्ञता का अभाव था। सात नई कॉरपोरेट इकाइयां बनाने का यह निर्णय व्यापार प्रशासन के मॉडल में उभरने के लक्ष्य के अनुरूप है। यह नई संरचना इन कंपनियों को प्रतिस्पर्धी बनने और आयुध कारखानों को अधिकतम उपयोग के माध्यम से उत्पादक और लाभदायक परिसंपत्तियों के रूप में बदलने के लिए प्रोत्साहित करेगी; उत्पादों की विविधता के मामले में विशेषज्ञता को गहराई प्रदान करेगी; गुणवत्ता एवं लागत संबंधी दक्षता में सुधार करते हुए प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देगी और नवाचार एवं लक्षित सोच (डिजाइन थिंकिंग) के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत करेगी। सरकार ने इस फैसले को लागू करते हुए यह आश्वासन दिया है कि कर्मचारियों के हितों की रक्षा की जाएगी। इन सात नई कंपनियों को अब सूचीबद्ध कर लिया गया है और उन्होंने अपना कारोबार शुरू भी कर दिया है। म्यूनिशन्स इंडिया लिमिटेड (एमआईएल), जोकि मुख्य रूप से विभिन्न क्षमता वाले गोला-बारूद और विस्फोटकों के उत्पादन से जुड़ी होगी और इसकी न सिर्फ 'मेक इन इंडिया' के जरिए बल्कि 'मेकिंग फॉर द वर्ल्ड' के माध्यम से भी तेजी से बढ़ने की व्यापक संभावना है। बख्तरबंद वाहन कंपनी (अवनी) मुख्य रूप से टैंक और बारूदी सुरंग रोधी वाहन (माइन प्रोटेक्टेड व्हीकल) जैसे युद्ध में इस्तेमाल होने वाले वाहनों के उत्पादन में संलग्न होगी और इसके द्वारा अपनी क्षमता का बेहतर इस्तेमाल करते हुए घरेलू बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की उम्मीद है। यही नहीं, यह नए निर्यात बाजारों का भी पता लगा सकती है। उन्नत हथियार एवं उपकरण (एडब्ल्यूई इंडिया) मुख्य रूप से तोपों और अन्य हथियार प्रणालियों के उत्पादन में संलग्न होगी और इसके द्वारा घरेलू मांग को पूरा करने के साथ-साथ उत्पाद विविधीकरण के माध्यम से घरेलू बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की उम्मीद है। अन्य चार कंपनियों के साथ भी यही स्थिति रहेगी।

सरकार ने यह भी आश्वासन दिया है कि इन नई कंपनियों में से अधिकांश के पास पर्याप्त कार्य आदेश होंगे। ओएफबी के सभी लंबित कार्य आदेश, जिनका मूल्य लगभग 65,000 करोड़ रुपये से अधिक है, को अनुबंधों के जरिए इन कंपनियों को सौंप दिया जाएगा। इसके अलावा, विविधीकरण और निर्यात के जरिए कई क्षेत्रों में नई कंपनियों के फलने-फूलने की काफी संभावनाएं हैं। असैन्यर इस्तेपमाल के लिए दोहरे उपयोग वाले रक्षा उत्पोद भी इनमें शामिल हैं। इसी तरह आयात प्रतिस्थापन के जरिए भी नई कंपनियों का कारोबार बढ़ने की व्यालपक संभावनाएं हैं।

इस दिशा में एक नई शुरुआत कर दी गई है। वैसे तो आयुध कारखानों को पहले केवल सशस्त्र बलों की जरूरतों को ही पूरा करने की जिम्मेयदारी दी गई थी, लेकिन नई कंपनियां अब उस तय दायरे से भी परे जा सकेंगी और देश-विदेश दोनों में ही नए अवसरों का पता लगाएंगी। पहले के मुकाबले कहीं अधिक कार्यात्मक एवं वित्तीय स्वायत्तता मिल जाने से ये नई कंपनियां अब आधुनिक कारोबारी मॉडलों को अपना सकेंगी और इसके साथ ही नई तरह के सहयोग सुनिश्चित कर सकेंगी।

विचार

भारत तमाशबीन क्यों बना हुआ है?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री जयशंकर ने अलग-अलग मौकों पर अफगानिस्तान के बारे में जो भी कहा है, वह शतप्रतिशत सही है लेकिन आश्चर्य है कि भारत की तरफ से कोई ठोस पहले क्यों नहीं है? 20 प्रमुख देशों के जी-20 सम्मेलन में दिया गया मोदी का भाषण अफगानिस्तान की वर्तमान समस्याओं या संकट का जीवंत वर्णन करता है और उसके समाधान भी सुझाता है। जैसे सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का संदर्भ देते हुए मोदी ने मांग की कि काबुल में एक सर्वसमावेशी सरकार बने, वह नागरिकों के मानव अधिकारों की रक्षा करे, वह स्त्रियों का सम्मान करे और अफगान अर्थ-व्यवस्था को पटरी पर लाकर अफगान जनता को अकाल से बचाए। उनका सबसे ज्यादा जोर इस बात पर था कि तालिबान सरकार आतंकवाद को बिल्कुल भी प्रश्रय न दे। वह किसी भी देश का मोहरा न बने और पड़ौसी देशों में आतंकवाद को फैलने से रोके। लगभग यही बात विदेश मंत्री जिस देश में भी जाते हैं, बार-बार दोहराते रहते हैं। ये दोनों सज्जन सिर्फ इसी बात से संतुष्ट दिखाई पड़ रहे हैं कि अफगानिस्तान के बहाने वे हर जगह पाकिस्तान को आड़े हाथों ले रहे हैं। यहां मुख्य सवाल यह है कि हमें अफगान-संकट को हल करना है या पाकिस्तान को कूटनीतिक पटकनी मारनी है? हम खुश हैं कि इस वक्त हमने पाकिस्तान को घसीटकर हाशिए में डलवा दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने अभी तक इमरान खान से हाय-हलो तक नहीं की है। हमारी यह समझ गलत है कि यह हमारी वजह से हो रहा है। यह इसलिए हो रहा है कि पाकिस्तान इस वक्त चीन की गोद में बैठा है और चीन व अमेरिका के बीच शीत-युद्ध चल रहा है। ज्यों ही चीन से अमेरिकी संबंध सहज हुए नहीं कि पाकिस्तान दुबारा अमेरिका का प्रेम-भाजन बन जाएगा। पाकिस्तान की किस्मत में लिखा है कि वह सदैव किसी न किसी महाशक्ति का दुमछल्ला बनकर रहेगा। भारत न तो कभी किसी महाशक्ति का दुमछल्ला बना है और न ही उसे कभी बनना चाहिए लेकिन इधर उल्टा ही हो रहा है। अफगानिस्तान के मामले में ही नहीं, चौगुटे (क्वाड) के चंगुल में भी वह इस तरह फंसा हुआ है कि उसकी स्वतंत्र विदेश नीति कहीं छिपी-छिपी– सी नज़र आने लगी है। बजाय इसके कि वह तालिबान से सीधी बात करता, जैसे कि अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और यूरोपीय समुदाय कर रहे हैं, हमारे विदेश मंत्री अन्य छोटे-मोटे देशों के चक्कर लगा रहे हैं।

कहो तो कह दूँ - इधर पीने का पानी नसीब नहीं, वे मच्छरों को जूस पिलाने कह रहे

चैतन्य भट्ट

अब इनकी सुनो, स्वीडन की एक कंपनी है ÷मॉलिकुलर अट्रेक्शन उसने बड़ी खोज करी कि दुनिया से मच्छरों का खात्मा कैसे किया जाए, वैसे आज आदमी ÷चाँद÷ के गढडो को देख आया है, मंगल÷ में पानी की सम्भवनाओं की भी खोज कर ली है, शुक्र और शनि÷ की पूरी जानकारी भी इकठी कर ली है लेकिन दो इंच के मच्छरों को आज तक ख़त्म नहीं कर पाया, वे आज भी बेहतरीन मलेरिया, डेंगू सब फैलाये पड़े है और कोई उनका कुछ नहीं उखाड़ पा रहा है, कोई साफ पानी में पल रहा है तो कोई गंदे पानी में द्य सब मच्छरों की अपनी अलग अलग पसंद है द्य कोई बीमारी मादा के काटने से हो रही है तो कोई नर मच्छर के काटने सेद्य बचा है तो उनका बच्चा, देखना ये है कि वो कौन से नई बीमारी का जन्मदाता बनता है।

अब इनकी सुनो, स्वीडन की एक कंपनी है ÷मॉलिकुलर अट्रेक्शन उसने बड़ी खोज करी कि दुनिया से मच्छरों का खात्मा कैसे किया जाए, वैसे आज आदमी ÷चाँद÷ के गढडो को देख आया है, मंगल÷ में पानी की सम्भवनाओं की भी खोज कर ली है, शुक्र और शनि÷ की पूरी जानकारी भी इकठी कर ली है लेकिन दो इंच के मच्छरों को आज तक ख़त्म नहीं कर पाया, वे आज भी बेहतरीन मलेरिया, डेंगू सब फैलाये पड़े है और कोई उनका कुछ नहीं उखाड़ पा रहा है, कोई साफ पानी में पल रहा है तो कोई गंदे पानी में द्य सब मच्छरों की अपनी अलग अलग पसंद है द्य कोई बीमारी मादा के काटने से हो रही है तो कोई नर मच्छर के काटने सेद्य बचा है तो उनका बच्चा, देखना ये है कि वो कौन से नई बीमारी का जन्मदाता बनता है। खैर बात हो रही है स्वीडन की कंपनी की खोज की, उनका कहना है कि जिनको मलेरिया हो जाता है उनके खून में एक तरह का मॉलिक्यूल पाया जाता है जो गंध छोड़ता है जिससे मच्छर आकर्षित होते हैं कंपनी का कहना है कि इसके लिए चुकंदर का जूस बनाकर उसने वो मॉलिक्यूल मिलाकर और फिर उसमें जहर मिला दें, चूंकि चुकंदर का जूस लाल रंग का होता है इसलिए उसको पीने के लिए मच्छर आएंगे और उसमें मिले जहर से उनकी मौत हो जाएगी द्य समझ में नहीं आता इधर साला भारत में पीने का पानी नसीब नहीं हो पा रहा है लोगों को, मीलों दूर से पानी ले ले कर आती है महिलायें और पुरुष, आधी से ज्यादा आबादी ने जूस कैसा होता है देखा नहीं है और कंपनी कह रही है कि मच्छरों को जूस पिलाओ द्य उन कंपनी वालों को शायद पता नहीं है कि ये मच्छर बहुत ही ढीठ और बेशर्म होते हैं हजारों टन डीडीटी पॉवडर और नुवान खा पी चुके है लेकिन उनका बाल भी बांका नहीं हुआ, अरबों रूपये इनके निर्मूलन में सरकार ने खर्चा कर डाले लेकिन वे बाकायदा मूंछ पर ताव देते हुए हर घर में, हर गली में, हर नाली में, हर कूचे में घूंमते मिल जाते हैं द्य चलो किसी प्रयोगधर्मी ने जूस बना भी लिया तो उनको निमंत्रण कैसे देंगे कि भाइयो आओ आज आपकी जूस की पार्टी है या फिर एक को पकड़ पकड़ कर उसे जूस पिलाना पड़ेगा या फिर नालियों में कूलरों में जूस डालना पड़ेगा द्य वैसे ही मंहगाई अपने चरम पर है चुकंदर भी कोई सस्ता थोड़े न आता है और फिर एक ग्लास जूस के लिए आधा किलो चुकंदर तो चाहिए न द्य कहा तो ये जाता है कि चुकन्दर का रस पीने से ÷हीमोग्लोबीन÷ बढ़ता

है ऐसा न हो कि ये वाला जूस पीकर ये मच्छर और ज्यादा मोटे तगड़े हो जाएँ, क्योकि अब किसी जहर का उन पर कोई असर तो होता नहीं है अपनी तो राय ये ही है कि भैया उनको अपना काम करने दो, सैकड़ों बरस बीत गए उनको इंसानो को काटते काटते सो उनको काटने दो, मलेरिया हो जाए या डेंगू हो जाये तो चुपचाप अस्पताल में भर्ती हो जाओ द्य इन मच्छरों ने तो निजी अस्पताल वालों से भी कमीशन सेट कर रखा है कि हम इधर इंसानो को काट कर रोगी बनाएंगे और तुम उनको अस्पताल में भर्ती करने के बाद उनकी जेब काट लेना हम इधर खून चूसेंगे तुम उधर खून चूस लेना द्य

ये क्या कह दिया आपने मामाजी

आजकल अपने मुखूयमंत्री शिवराज सिंह यानि मामाजी कई तरह की बाते कर रहे हैं जिनको सुनकर आदमी आश्चर्य से भर जाता है द्य अब देखो न हाल ही में सिविल सर्विस की परीक्षा पास करके आये भविष्य में होने वाले अफसरों से मामाजी ने कहा कि सिबिल सर्विसेज पैसा कमाने का माध्यम नहीं है बल्कि जनता की मदद करने करने का माध्यम हैं, आप लोग काम अटकाने वाले अफसर मत बनाना बल्कि काम निकलने का रास्ता ढूंढने वाले अफसर बनना द्य अपन तो उनकी बात सुनकर मूर्छित हो गए काफी देर बाद जब होश में आये तो सोचा ये मामाजी क्या कह रहे हैं, अरे हुजूर आप को तो सत्ता चलाते चलाते कई बरस बीत गए हैं अफसरों की नब्ज आपसे ज्यादा कौन जानता है यदि कोई अफसर काम न अटकाए तो वो अफसर काहे का, जनता यदि अपने काम के लिए उसके चकार न काटे तो धिक्कार है उस अफसर को, अफसर का तो जन्म ही हुआ है काम अटकाने के लिए, किसी भी दफ्तर चले जाओ, किसी तरह बाबू को सेट करके अफसर के पास फाइल पंहुच भी जाए तो उसको एक सेकंड लगता है उसमें मीन मेख निकालने में जनता के हित की कोई भी बात हो उसका छोटा काम जो या बड़ा, यदि उसमें टांग नहीं अड़ाई तो अफसर होना व्यर्थ है आप भी कैसी सलाह दे रहे है मामाजी, जिसका कोई अर्थ नहीं है, हो सकता है कुछ लोग ईमानदारी से काम करने, जनता को राहत दिलाने की मंशा से सिविल सर्विसेज में आते हों लेकिन ये सिस्टम उनको चलने दे तब न, ज्यादा ईमानदारी दिखाई तो समझ लो गए लूप लाइन में जिंदगी भर बाबू बनकर फाईलें निबटाते रहो, कहने को भले ही अफसर हो द्य तो जब सारा सिस्टम ही लड़खड़ा गया हो उनसे क्या उंम्मीद की जा सकती है अफसर जैसा कर रहे है करने दो जो नए आएंगे वे भी उसी रंग में रंग जाएंगे क्योकि पानी में रहकर मगर से बैर तो लिया नहीं जा सकता द्य

सुपर हिट ऑफ़ द वीक

श्रीमान जी को रात में मच्छर ने काट लिया

गुस्से में श्रीमान जी रात भर उसके पीछे चप्पल लेकर भागते रहे लेकिन मार नहीं पाए होते होते सुबह हो गई

तब श्रीमान जी बोले ÷चलो उसे मार तो नहीं पाया लेकिन खुशी इस बात की है कि रात भर मैंने उसे भी सोने नहीं दिया÷

पाठकों की बात
पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बुराई व असत्य हारा रावणों ने रावण

बुराई व असत्य हारा रावणों ने रावण मारा। सदैव अच्छाई की जीत जय श्री राम जयकारा। संबल, अंतर्मन उजास हो कहीं डस न ले अंधियारा। वैमनस्य व नफ़रत तोड़ भाव इंसानियत है सहारा। **सुरेश वैष्णव**

दिन म सुरूज चट ले जरथे रतिहा

दिन म सुरूज चट ले जरथे रतिहा चंदा जुड़ावत हे लागथे शरद के मौसम संगी पहुना बन के आवत हे मन म कोंवर भाव जगथे उभुक-चुभुक हिरदे हो जाथे पुरवाही झट रंग बदलथे कभू तात त कभू जुड़ जनाथे एक्केच बेरा म दू अलग-अलग रंग कइसे जनावत हे लागथे शरद के मौसम संगी पहुना बन के आवत हे।

कवि सुशील भोले

खास पाती | आज को सुन्दर बना लो, कल

आज को सुन्दर बना लो, कल बने फिर मीत। बिगड़ जाए आज, तो सुर हीन है संगीत। राह में जो सुमन सबकी, हैं बिछाते आज, राह में कल उन सभी की, पुष्प खिलते प्रीत। इस जहां में कौन अमर, नहीं हमें यह याद, लेकिन सखा अमर होते, इस जहां में गीत। चल मुसाफिर पथ कठिन है, किंतु रुकना हार, बढ़ चला जो बिन रुके तो, फिर मिलेगी जीत। साथ कोई चल रहा तो, पथ बने आसान, चल अकेला मत ठहरना, जगत की यह रीत।। **दीपा गुप्ता**

यह मत सोचना झगड़ा हुआ और

यह मत सोचना झगड़ा हुआ और सुलह हो गयी तो सब पहले जैसा हो गया। जितनी बार झगड़ा होता है उतनी बार भीतर से कुछ छूट जाता है,टूट जाता है ।और कुछ कम होता जाता है रिश्ते में। इस तरह कम से कमतर होते चले जाने के नियम के अंतर्गत जीते हुए व्यक्ति कभी समृद्ध नहीं हो सकता । **चंद्रकांत अग्निहोत्री**

जिंदगी का कोई भरोसा नही,, हर

जिंदगी का कोई भरोसा नही,, हर पल को महसूस करते जिए,, जितनी भी लाइफ मिली हैं एन्जॉय कीजिये, सुख हो दुख हो सबको हैंडल करना सीखिए,कल क्या होगा उसके बारे में सोचना और टेंशन लेना शायद अभी के समय को देखते हुए सही नही है... सबको माफ करते जाइये और खुद भी लोगों से माफी मांग लीजिये जिसका आपने दिल दुखाया और जो आपकी वजह से दुखी है,,, इतना सब बोझ मन मे लिए फिरना शायद अब मुश्किल है,, जितना हो सके मन को खाली और हल्का करते जाइये,, ताकि मलाल न रहे इस बात का कि शायद कुछ छूट गया,,, अंतिम सफर में सुकून से भी तो जाना है....!! **निशा रावल**

पहले पहल कोई पूछता था मुझसे

पहले पहल कोई पूछता था मुझसे मेरा नाम गाँव बेहोशी में भी निकल आता था नाम इलाहाबाद का इलाहाबाद सिर्फ एक नाम नहीं मेरे और मेरे जैसे न जाने कितने लोगो की जिंदगी का हिस्सा है जिसे बदल देना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है चाहे घर की पुरानी दीवारें हो या मार्कशीट या फिर पुरानी डायरी दिल दिमाग हर जगह छाया है बस एक ही नाम कितना कुछ बदलेंगे कागज़ों में सरकारी रिकार्ड में क्या बदल पायेंगे बैंकरोड चौक कटरा सिविल लाइन्स से इलाहाबाद का नाम इलाहाबाद जिसके ज़र्रे ज़र्रे से आस्थाएं झांकती है और महक उठता है मन जब पहुँच जाती हूँ संगम के किनारे सुनो सरकारी कागजों में तुम्हारा नाम चाहे कुछ भी रहे तुम रहोगे हमेशा मेरे इलाहाबाद ही।

डॉ. समीक्षा पाण्डेय

कोरोना, कथित किसान, निहंग

कोरोना, कथित किसान, निहंग, इस्लामी आतंक, नक्सलीज इस सबसे बच भी जायें आप तो अज़ीब अज़ीब कारणों से या अकारण भी लोग मर रहे हैं। इस दौर में ज़िंदा रहना ही अपने आपमें बड़ी उपलब्धि है। पटा पड़ा रहता है फ़ेसबुक ऐसी खबरों से। ऊपर से कांग्रेस तो है ही। वास्तव में नेगेटिविटी चरम पर है। हम इससे उबर भी पायेंगे या नहीं? क्या लगता है आपको? **पंकज कुमार झा**

सुख के प्रतीक सारे लगतें है दुःखकर

सुख के प्रतीक सारे लगतें है दुःखकर तुम बिन वसुधा ये लगती नाराज है। चंद्रमा भी लगता है ग्रीष्म सम सूर्य अब विष सी है लग रही ओस बूँद आज है। तेरा मेरा प्रेम सिया किससे प्रकट करुँ मात्र दोनों हृदय ही जानते ये राज है। मेरा ये हृदय रहता सदा तुम्हारे पास विरह गिराते प्रति पल एक गाज है। **कवि सुनिल शर्मा नील**

QUIZ TIME

1) शरीर का कौन सा हिस्सा है, जो मरने के बाद भी बढ़ता रहता है?

2) किस साइड का फेफड़ा छोटा होता है?

3) जूते के फीते के आखिर में जो प्लास्टिक का कवर लगा होता है, उसे क्या कहते हैं?

4) कौन-सा खाना है, जिसे बहुत आसानी से पचाया जा सकता है?

5) कौन-सा जानवर है, जो उदास होने पर लाल रंग का पसीना छोड़ता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) बाल और अंगुलियों के नाखून (2) बाएं साइड का फेफड़ा छोटा होता है, ताकि दिल को जगह मिल सके (3) एग्लेट्स (4) शहद (दरअसल, इसे पहले ही मधुमक्खियों की पाचन क्रिया का हिस्सा बनी चुकी होती है) (5) हिप्पोपोटेमस

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 18 अक्टूबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं 1386: जर्मनी में हैडलबर्ग विश्वविद्यालय की स्थापना में हुई। 1648: उत्तर अमेरिकी उपनिवेशों में 'बोस्टन शूमेकर्स' पहला श्रम संगठन बना। 1878: थॉमस एल्वा एडीसन ने घरेलू उपयोग के लिए बिजली उपलब्ध करायी। 1898: अमेरिका ने स्पेन से प्यूर्टो रिको का अपने कब्जे में लिया। 1922: ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन की स्थापना हुई। 1925: उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी का जन्म हुआ। 1944: द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी जर्मनी से चेकोस्लोवाकिया की स्वतंत्रता के लिये सोवियत संघ ने लड़ाई शुरु की। 1950: हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता ओम पुरी का जन्म हुआ। 1954: टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स कंपनी ने पहले ट्रांजिस्टर रेडियो की घोषणा की। 1967: हेंस ए बेथे को भौतिकी का नोबेल पुरस्कार दिया गया। 1976: विलियम एन लिप्सकोंब जूनियर को रसायन का नोबेल पुरस्कार दिया गया। 1995: कोलंबिया के कार्टाजेना में गुट निरपेक्ष देशों का ग्यारहवां शिखर सम्मेलन प्रारम्भ। 1998: भारत और पाकिस्तान आणविक ख़तरे रोकने के लिए सहमत। 2000 - श्रीलंका में पहली बार विपक्षी सदस्य अनुरा भंडारनायके को संसद अध्यक्ष बनाने की सहमति। 2004 - कुख्यात चंदन तस्कर वीरप्पन मारा गया। म्यांमार के प्रधानमंत्री खिन न्युंट को भ्रष्टाचार के आरोप में अपदस्थ कर नजरबंद कर रखा गया। 2005 - पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ने नियंत्रण रेखा को भूकम्प राहत कार्य के लिए खोलने का सुझाव दिया।

अखिल भारतीय ब्राम्हण संगठन के द्वारा सम्मेलन का किया गया था आयोजन

नव प्रदेश सीधी। अखिल भारतीय ब्राम्हण समाज संगठन का सम्मेलन शहर के पूजा पार्क में अयोध्या राम मंदिर न्यास के संत पूर्व सांसद रामविलास वेदांती जी महाराज के मुख्य आतिथ्य सीधी विधायक पंडित केदारनाथ शुक्ला की अध्यक्षता एवं राष्टीय अध्यक्ष पं. संजय त्रिपाठी, प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेन्द्र मिश्रा, प्रदेश सयोजक अंशुल मिश्रा, पूर्व विधायक मऊगंज लक्ष्मण तिवारी, डॉ. राजेश मिश्रा आनादि महाराज, महादेव महाराज, हरिमोहन शास्त्री की उपस्थिति में आयोजित किया गया। अखिल भारतीय ब्राम्हण समाज संगठन के द्वारा जिले के मेधावी 101 छात्र-छात्राओं, 14 कलाकारों, 16 सामाजिक क्षेत्र में योगदान करनें वाले उत्कृष्ट व्यक्तियों, 7 अधिवक्ताओं, 8 डॉक्टरों, 14 व्यवसाईयों, 17 समाजसेवियों, 8 कवियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपना उद्बोधन देते हुए पूर्व सांसद रामविलास वेदांती जी महाराज ने कहा कि अयोध्या में जिस दिन राम मंदिर का निर्माण हो जाएगा उस दिन भारत हिंदू राष्ट्र अपने आप हो जाएगा। देश ड्क्षहदू राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है। ब्राम्हणों को शस्त्र और शास्त्र दोनों की शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सीधी विधायक पंडित केदारनाथ शुक्ला ने कहा कि ब्राम्हणों को क्षमाशील होना चाहिए। किंतु इसकी भी एक निश्चित स्थिति एवं परिस्थितियां तय की गई हैं।

जब बात अपने समाज व परिवार की अस्मिता व सम्मान से जुड़ी हो उस समय क्षमाशील नहीं होना चाहिए। ब्राम्हण अपने काम के लिए समर्पित होता है और वह दूसरों को रोजगार प्रदान करनें के लिए सक्षम होता है। ब्राम्हणों का हक मारकर कोई भी चैन की नीद नहीं सो पाया है। पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ब्राम्हणों को आरक्षण की जरूरत नहीं है। ब्राम्हण स्वयं अपनी बुद्धि से आगे बढनें की क्षमता रखता है। जिस दिन ब्राम्हण चापलूसी करना छोंड़ देगा उस दिन उसका सम्मान और समाज में बढ़ जाएगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राम्हण समाज संगठन के राष्टीय अध्यक्ष संजय त्रिपाठी ने कहा कि ब्राम्हणों को संगठित करनें के लिए संगठन काफी अरसे से काम कर रहा है। ब्राम्हणों की आवाज बुलंद करनें में संगठन हमेंशा अग्रणी भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि इस तरीके के कार्यक्रम से युवाओं में ऊर्जा का संचार होता है और वह अपनी क्षमता को समाज के समक्ष प्रस्तुत कर पाते हैं। हमें अपनी शक्ति को पुनर्जीवित करना होगा। कार्यक्रम में कई ब्राम्हण पुरोधा एवम मेघावी छात्रों का सम्मान हुआ। इस दौरान कई गतिविधिया और सम्मान अपमान को लेकर भी सुर्खिया बनी रही।

विलासपुर से बुलाकर अखिल भारती ब्राम्हण समाज ने किया अपमान - डॉ राजकुमार शर्मा- अखिल भारती ब्राम्हण समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम को लेकर चर्चा के दौरान डॉ राजकुमार शर्मा ने कहा की सम्मान के लिए संगठन के द्वारा बुलाया गया था। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए परिवार के साथ विलासपुर से मैं सीधी आया लेकिन यहां सम्मान तो नही मिला लेकिन अपमान का सामना करना जरूर पड़ा। मेरे जैसे कई अन्य साथियों को भी अपमानित महसूस होना पड़ा। सम्मानित करने के लिए मंच में आमंत्रित कर लिया गया लेकिन लगभग दस मिनट से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी कोई सम्मान करने नही आया बल्कि सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी सेल्फी में व्यस्त दिखे।

आनन - फानन में हुआ सम्मान-सम्मान के बदले अपमान जब चर्चा का विषय बन गया उस दौरान रात्रि में एक निजी कार्यालय में आनन - फानन पर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज द्वारा डॉक्टर राजकुमार शर्मा का सम्मान किया गया। श्री शर्मा सम्मान स्वीकार करने के लिए मना करते रहे लेकिन संगठन के जिले व प्रदेश स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारियों के बार-बार आग्रह के बाद सम्मान श्री शर्मा स्वीकार किया। यह कहते हुए की ये सम्मान किसी अपमान से मेरे लिए कम नही है। इस दौरान ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, राकेश दुबे, अंबुज पाण्डेय सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थिति रहे।

खनिज मन्त्री को जबरजस्ती बदनाम करने की साजिश

नव प्रदेश मैहर।। पिछले दिनों आपने देखा कि एक वीडियो रैगाँव विधानसभा भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी प्रतिमा बागरी के बालों को खनिज मंत्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा सहलाने का विडिओ बड़ी तेजी से वायरल हो रहा था दरअसल उस वीडियो में खनिज मंत्री ब्रेंजेंद्र प्रताप सिंह का चश्मा जोकि रैगाँव विधानसभा चुनाव प्रत्याशी प्रतिमा बागरी की चोटी पर फस गया था जिसे निकालने का आदेश प्रतिमा बागरी से लेकर चश्मा निकलने का प्रयास किया जा रहा था लेकिन आधी अधूरी जानकारी की वीडियो क्लिप सोशल मीडिया में इस कदर वायरल हुई थी की मंत्री जी को अपनी सफाई देने का मौका भी नहीं मिला इस बात की जानकारी भारतीय जनता पार्टी संगठन के सतना मंडल अध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी के द्वारा जब व्हाट्सएप में वास्तविक वीडियो के माध्यम से उड़ रही अफवाह की पुष्टि की गई तब तमसा दिखाने वाले मदारियों की बोलती बंद हो गई।

डॉ राजकुमार शर्मा का सीधी आगमन पर हुआ सम्मान

नव प्रदेश सीधी। हिन्दी राजभाषा समिति राष्टीय सदस्य एवं भाजपा सीधी उपाध्यक्ष अमलेश्वर चतुर्वेदी एवं पतंजलि किसान समिति सीधी अध्यक्ष अधिवक्ता प्रमोद मिश्रा द्वारा सम्मान किया गया। डॉ शर्मा ने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से संगीत में तबला वादन को लेकर अध्ययन किया और इसी विषय पर उन्होंने पीएचडी कर डॉक्टरेट उपाधि प्राप्ति की। श्री शर्मा वर्तमान समय में एक प्रसिद्ध तबला वादक के रूप में उभर रहे हैं और इनके कार्यक्रम देश के विभिन्न राज्यों में आयोजित किए जाते है। हिन्दी राजभाषा समिति राष्टीय सदस्य एवं भाजपा सीधी उपाध्यक्ष अमलेश्वर चतुर्वेदी ने कहा कि मुझे गर्व है कि सीधी जिले का युवक आज जिले मात्र का ही नहीं बल्कि पूरे विंध्य का नाम पूरे देश में रोशन कर रहा है। डॉ शर्मा से आने वाली युवा पीढ़ी का संगीत के क्षेत्र में रुचि बढ़ेगी और संगीत शिक्षा के लिए अभिप्रेरणा। अधिवक्ता प्रमोद मिश्रा ने डॉ शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगीत के क्षेत्र में जिले का नाम देश के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंच रहा है। यह जिले के लिए गौरव की बात है। इस दौरान संजीव मिश्रा (भारतीय श्रमजीवी पत्रकार महासंघ सीधी जिलाध्यक्ष) मनोज सिंह चौहान (आईएफडब्ल्यूजे सचिव) अमित गौतम स्वतंत्र (आईएफडब्ल्यूजे कार्यकारी अध्यक्ष) दीपक मिश्रा (एनएसयूआई जिलाध्यक्ष) सहित अन्य समाजसेवी उपस्थिति रहे।

रीवा में नकली नोट का हो रहा कारोबार दो गिरफ्तार, नकली नोट जब्त

रीवा नवप्रदेश ! जिले में नकली नोट को बाजार में उतारते हुए दो लोगो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से पुलिस ने 9 नकली नोट जब्त करके नोट के संबंध में पूछताछ कर रही है। जिससे नकली नोट कारोबारियों तक पुलिस पहुच सकें

सूचना पर पुलिस ने दी दबिश-बताया जा रहा है कि रामबदन गुप्ता पिता शोभनाथ गुप्ता निवासी ग्राम मडना थाना नईगडी द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि पँकज कुशवाहा ग्राम मडना थाना नईगडी की किराना दुकान से 02 व्यक्तियों द्वारा 100-100 रुपए के जाली नोटों को असली नोट के रूप मे प्रयोग कर सामान खरीदा की गई है।

नकली नोट पकडे जाने पर भाग गए थें बदमाश

दुकानदारों को जब नकली नोट की जानकारी हुई तो-वह कुछ कर पाता कि इसके पूर्व दोनो आरोपी बाइक से भाग खडे हुए। जिस पर पुलिस ग्राम मडना मे दबिश देते हुए आरोपी धर्मेन्द्र पटेल को गिरफ्तार किया और उसके पास से 100-100 के 05 जाली नोट तथा आरोपी गौरीशंकर गुप्ता से 100-100 रुपए के 04 जाली नोट जब्त किए है। बताया जा रहा है कि जब्त की गई सभी नोट एक ही सीरियल नम्बर से दर्ज है। पकडे गए दोनो आरोपियों के खिलाफ पुलिस धारा 489,489,34 का अपराध दर्ज कर करवाई कर रही है।

कार्रवाई में शामिल रही यह टीम-इस कार्रवाई में निरीक्षक ओपी तिवारी, उप निरीक्षक यूएन तिवारी, अजय कुमार पाण्डेय, आरक्षक रविशंकर द्विवेदी, संतोष मीणा, बेदी सिंह, शुभाँक सिंह, आनन्दमणि अग्निहोत्री आदि शामिल है।

भूमाफिया द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे पर कार्यवाही लंबित क्यों

नव प्रदेश मैहर।। मामला मैहर के मानपुर वार्ड नंबर 09 स्थित नये बने शिविल न्यायलय के पीछे शासकीय भूमि 173 नंबर 33 बीघा लगभग 17 एकड रकबे का है जिसमे शिविल न्यायलय कोर्ट बिल्डिंग बनी हुई है और पीछे की तरफ कुछ आराजी शेष बची हुई है जिसमे भू माफिया द्वारा जबरन खोद कर प्लाटिंग की गई है जिसकी शिकायत स्थिनीय ब्यक्तियो द्वारा पूर्व मे मैहर यस डी यम महोदय से की गई थी जिसपर संज्ञान लेते हुये उक्त भूमि की विशेष टीम गठित कर दिनांक 04/02/21 को नाप कराई गई थी और शासकीय भूमि के अंश भाग 60म80 मे मुकेश पटेल, रामप्रसाद पटेल, और शासकीय शिक्षक संजय तोमर दोषी पाये गये थे साथ ही 191शासकीय भूमि जो खेर माता देवबागान के नाम से चडी है उसमे प्रकाश चौधरी और कैलाश चौधरी इन सब के बिरुद्ध तहसील न्यायलय मैहर से 248 का नोटिस भी जारी किया गया था कुछ दिन मामला शांत होने के बाद भू माफिया ने उक्त जमीन को बेचकर दुकान काटकर शासकीय भूमि को अपनी भूमि बता कर रजिस्ट्रीया कराना चालू कर दिया साथ ही विधि विभाग की जमीन से 30 फिट का रास्ता भी आम लोगो को बताया जा रहा है जबकि वहां पर इन भूमियो मे जाने के लिये कही से भी रास्ता प्रस्तावित नहीं है न ही नक्शे मे दर्ज है फिर भी दलालो के द्वारा दिनभर न्यायलय बिल्डिंग दिखाकर दुकाने बेचीं जा रही है जिससे लोग गुमराह होकर बडे दामों मे लगभग 850 रूपये फिट रजिस्ट्रीया भी करवा रहे है! माननीय यस डी यम महोदय से स्थिनीय लोगो ने सोशल मिडिया के माध्यम से दोषी पाये गये लोगो के ऊपर तत्काल कार्यवाही की मांग की है ताकि शासकीय भूमियो को सुरक्षित रखा जा सके और स्थिनीय लोगो और जमीन दलालो भूमाफियाओ के बीच नाहक मे वाद विवाद की स्थित निर्मित न हो!

बहोलिया घाटी में बस-डंपर की आमने-सामने भिडंत, यात्रियों में मच गई चीख पुकार

रीवा नवप्रदेश ! यात्रियों से खचाखच भरी बस रीवा जिले के सेमरिया थाना अंतर्गत बहोलिया घाटी में उस समय हादसे का शिकार हो गई जब सामने से आ रहे डंपर से बस की आमने-सामने जबदस्त भिडत हो गई। जिससे बस में सवार यात्री घायल हो गए है। घायलों को ईलाज के लिए सेमरिया स्वास्थ केन्द्र ले जाया गया है। यह धटना सोमवार की सुबह लगभग 11 बजे की है

अंधा मोड होने से हुआ हादसाबताया जा रहा है कि जिस बहोलिया घाटी में यह हादसा हुआ हैं। वह अंधा मोड है, जिसके चलते वाहन चालक एक दूसरे के वाहन को समझ नही पाए और जोरदार टक्कर लग गई। जिससे दोनों वाहनों का अगला हिस्सा पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गया है। जानकारी के तहत यात्री बस सतना जिले से बस में यात्री भरकर रीवा जिले के चाकघाट जा रही थी। बस में आधा सैकडा यात्री सबार थें और इस दुर्घटना में घायल हुए एक दर्जन लोगो को अस्पताल ले जाया गया है।

मौके पर पहुचा अमला-दुर्धटना की जानकारी लगते ही सेमरिया थाना की पुलिस सहित प्रशासन का अमला मौके पर पहुच गया है। वही राहत और बचाव कार्य जारी है। प्रशासन के इस राहत कार्य के पूरा होने पर ही बस हादसे को लेकर पूरा मामला साफ हो पाएगा।

सैन्य सम्मान के साथ रीवा में अर्मी जवान की विदाई, अफसरों ने दी सलामी

रीवा नवप्रदेश। सैनिक सम्मान के साथ रीवा के अर्मी जवान सुरेन्द्र यादव को अंतिम विदाई उनके गृह ग्राम पाली थाना बैकुंठपुर में दी गई। सैन्य अधिकारियों ने अपने जवान को सलामी देकर अंतिम संस्कार करवाया है। इस दौरान आसपास के ग्रामीण काफी संख्या में मौजूद रहें।

दुर्धटना में हुई थी मौत-दरअसल दशहरा पर्व की शाम बैकुंठपुर थाना के माडौ गांव के पास बुलेरो चालक ने उस समय जोरदार टक्कर मार दिया था। जब वह अपने जीजा के साथ बाइक से गांव जा रहा था। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही आर्मी जवान सहित उसके जीजा की मौत हो गई थी।ज्ञात हो कि बुलेरो चालक लापरवाही पूर्वक वाहन का चालन करते हुए दो बाइकों को टक्कर मार कर जहां दो लोगो को मौत की नींद सुला दिया था वही एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया था।

जबलपुर से पहुचे थें सेना के अधिकारी-दुर्घटना में मृत हुए सेना के जवान सुरेन्द्र यादव को अंतिम सलामी देने के लिए एमपी के जबलपुर आर्मी हेडक्वाटर से सेना के अधिकारी और सैन्य टुकड़ी सैनिक के पाली गांव पहुची थी। उन्होने सलामी सस्त्र के साथ ही शोक धुन बजाकर सैनिक को सलामी दी। इसके बाद अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान स्थानिय लोगो ने अमर रहे के नारे भी लगाए।

पानी में डूबा कर वृद्ध की निर्मम हत्या से सनसनी

रीवा नवप्रदेश ! जिले के चाकघाट थाना अंतर्गत मिगु?ी गांव में वृद्ध की निर्मम हत्या किए जाने से क्षेत्र से सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान जगत निवास गौतम के रूप में की गई है। हत्या की जानकारी मिलने पर चाकघाट थाना प्रभारी प्रवीण उपाध्याय एवं एसडीओपी समरजीत सिंह मौके पर पहुचे और हत्या मामले जांच कार्रवाई करने के साथ ही नामजद आरोपी की तलाश शुरू कर दिए है।

नहर का पानी बना विवाद की वजह-बताया जा रहा है कि नहर के पानी को खेत में ले जाने के लिए मृतक जगत निवास गौतम एवं कन्हैयालाल गौतम के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि कन्हैयालाल गौतम ने जगत को नहर से भरे हुए पानी के खेत में न सिर्फ पटक दिया बल्कि पानी में डूबा कर उसकी हत्या कर दी है।बताया जा रहा है कि दोनों ही व्यक्ति नहर का पानी अपने खेत में ले जाने के लिए अ? हुए थें। इसको लेकर दोनों में कहा सुनी शुरू हो गई। बातचीत से शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया और इसी बीच आरोपी कन्हैयालाल गौतम ने जगत गौतम को पानी में पटक कर उसे डूबा दिया। वह तब तक डूबाये रहा जब तक जगत के पाण पखेरू नही उ? गए।

गांव में सनसनी-वृद्ध के हत्या की जानकारी लगते ही गांव में सनसनी फैल गई और मौके पर मृतक के घर वाले सहित ग्रामीण पहुच गए। इसी बीच आरोपी वहां से फरार हो गया। जिस तरह से वृद्ध की पानी के अंदर हत्या की गई है। उसे लेकर लोगो में चर्चा व्याप्त रही। बहरहाल पुलिस विवाद एवं हत्या मामले की जांच कर रही है और जांच के बाद ही सच्चाई सामने आएगी।

कुशियरा पंचायत में पूर्व सचिव ने किया भारी भ्रष्टाचार

सतना। सोहावल जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कुशियरा की पूर्व सचिव रानी सिंह थी जिस तरह दीमक जिस जगह पर लगती है वह जगह धीरे-धीरे नष्ट हो जाती है ठीक उसी प्रकार कुशियरा पंचायत में रानी सिंह महिला होने के नाते पूरी पंचायत को खोखला कर डाली है उनके समय में जितने भी निर्माण कार्य कराए गए हैं सभी बेहद ही घटिया कराए गए हैं यहां तक कि लाखों रुपए के फर्जी बिल वाउचर भी लगाए गए हैं पीएम आवास में भी वसूली की गई है ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की लेकिन उनकी पहुंच अधिकारियों तक है जिस वजह से आज तक पंचायत के किसी भी निर्माण कार्य की जांच नहीं हुई और जांच होने के पहले भी रानी सिंह अपना ट्रांसफर दूसरी पंचायत में करा ली हैग्रामीणों ने बताया कि अगर 7 दिनों के अंदर कुशियरा पंचायत में हुए फर्जीवाड़े की जांच नहीं होती है तो जनता जिला पंचायत सीईओ से शिकायत करने के लिए बाद दोगी जिसकी पूरी जवाबदारी अधिकारियों की होगी

सतना कलेक्टर ने रैगांव ग्रामीणों से की मतदान करने की अपील

नव प्रदेश मैहर। सतना।। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजय कटेसरिया के निर्देशन में रैगांव विधानसभा क्षेत्र में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत सोमवार को हाटी,मेदनीपुर और कुसियरा गाँव मे रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर तथा घर-घर जाकर मतदाताओं को पीले चावल देते हुए मतदान करने की अपील की गई।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ कल आएंगे सतना

नव प्रदेश मैहर । सतना । रैगांव के रण में कल पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमल नाथ आ रहे है, रैगांव विधानसभा के सिंहपुर में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। आपको बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ विशेष विमान से सुबह 10ः00 बजे सतना पहुंचेंगे, यहां से हेलीकॉप्टर द्वारा 10.15 में सिंहपुर पहुंचकर पटपरनाथ धाम में दर्शन करेंगे एवं ब्लॉक सेक्टर व मंडल कांग्रेश के अध्यक्षों, प्रभारियों की बैठक लेंगे। इसके बाद सिंहपुर में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

सतना-रैगांव में चुनावी पारा चरम पर, आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी....!

सतना। जिले के रैगांव में विधानसभा उपचुनाव में अब चुनावी रंग तेजी से चढ़ने लगा है ,इसमें कांग्रेस व बीजेपी प्रमुख रूप से आमने-सामने है इस चुनाव में समस्याओं से ज्यादा सोशल मीडिया में वायरल वीडियो दोनों पार्टियों के लिए मुद्दों के रूप में देखे जा रहे हैं जिसमें एक ताजा मामला 17 अक्टूबर को सेमरवारा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की आयोजित सभा के दौरान का है, जिसमें मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह रैगांव प्रत्याशी प्रतिमा बागरी के बालों से अपना चश्मा निकाल रहे हैं इस वीडियो के वायरल होते ही लोगों ने चटकारे लेना शुरू कर दिया जहां कांग्रेस को आलोचना का मुद्दा मिला वहीं भाजपा स्तरहीन राजनीति बताते

नजर आई हालांकि दूसरे वीडियो में चश्मा स्पष्ट रूप से बालों में उलझता नजर आ रहा है लेकिन इस पर कांग्रेस ने जमकर भाजपा पर सवालिया तीर चलाएं है

हमारे संवाददाता ने आज कांग्रेस और बीजेपी के पूर्व मंत्री और विधायकों से रैगांव चुनाव पर चर्चा की सबसे पहले पूर्व मंत्री और विधायक कमलेश्वर

पटेल से चर्चा की, इस दौरान कमलेश्वर पटेल ने भाजपा पर जमकर आरोप लगाए और उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता के सहयोग से चुनाव लड़ रही है ,टीकाकरण जनता का अधिकार है ,उस पर और अनाज वितरण पर अपने नेताओं की फोटो लगाकर भाजपा जनता को गुमराह कर रही है ,महंगाई को

चरम सीमा पर पहुंचा दिया ,उन्होंने कहा कि जनता सब समझती है वह भाजपा की घोषणाओं में नहीं आने वाली है,वायरल वीडियो पर कहा कि भाजपा का असली चेहरा सामने आ गया है, रैगाव की जनता भाजपा को सबक सिखाएगी ,

वहीं दूसरी ओर भाजपा के पूर्व मंत्री और प्रभारी राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा दल है यहां वंशवाद की राजनीति नहीं होती ,हमारे यहां ना कोई छोटा है ना बड़ा है, हमारे यहां पार्टी के कार्यकर्ता हैं यहां सबको बराबर मौका मिलता है वायरल वीडियो पर कांग्रेसी ओछी मानसिकता का परिचय दे रही है उसके पास कोई मुद्दा नहीं है ,शिवराज जी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश आज अग्रणी राज्यों की सूची में शामिल है ,जब कांग्रेस ने जनता के हित में कोई काम नहीं किया तो जनता के बीच जाने से घबराते हैं और हमारी पूरी पार्टी हमारे द्वारा किए गए कार्यों को जनता को बता रही है और बचे हुए कार्यों को भी हम करेंगे रैगांव में हमारी सुनिश्चित जीत है।

कलेक्टर ने टी.एल. बैठक में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

पन्ना, । कलेक्टर संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक हुई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक के अवसर पर विभागीय अधिकारियों को समयावधि, सीएम हेल्पलाइन और समाधान ऑनलाइन के प्रकरणों में त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एल-1 लेवल पर ही लंबित प्रकरणों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त शासन स्तर से समय-समय पर जारी निर्देशों के तहत कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए। लापरवाही पर वेतन रोकने की सख्त चेतावनी भी दी गई।कलेक्टर श्री मिश्र ने कहा कि कोविड-19 वैक्सीनेशन के बाद तत्काल डाटा अपडेशन का कार्य पूर्ण करें। उन्होंने पन्ना जिले की प्रकाशित होने वाली विकास पुस्तिका के लिए विभागीय अधिकारियों को जानकारी अविलंब प्रस्तुत करने, जिला योजना अधिकारी से इस कार्य के लिए समन्वय स्थापित करने सहित अद्यतन आंकड़े प्रस्तुत करने के लिए कहा। उन्होंने एक जिला, एक उत्पाद के तहत आगामी 01 नवम्बर से शुरू होने वाली 03 प्रोसेसिंग यूनिट के बारे में जानकारी लेकर उद्योग विभाग के अधिकारी को समय-सीमा में कार्यवाही के लिए कहा। उन्होंने गौशाला निर्माण कार्य, गौवंश की संख्या, नवीन खेत तालाब, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), आजीविका मिशन के संचालित कार्यों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने 20 अक्टूबर को मुख्यमंत्री के पन्ना आगमन के दृष्टिगत अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। बैठक में पन्ना जिले की पर्यटन विकास योजना के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की गई। आगामी सप्ताह में पर्यटन विकास परिषद की बैठक भी होगी। टीएल बैठक में अपर कलेक्टर श्री जे0पी0 धुर्वे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

पंचायत निर्वाचन गतिविधियों के लिए कैलेण्डर जारी

पन्ना । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार मिश्र ने राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021 के लिए जारी किए गए प्रचार-प्रसार (सेंस) की गतिविधियों के कैलेण्डर अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी तथा सभी जनपद पंचायत सीईओ एवं तहसील स्तरीय नोडल अधिकारियों को कैलेण्डर अनुसार प्रत्येक गतिविधि का क्रियान्वयन निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने के लिए कहा है।

रेल रोकने पहुंचे संयुक्त किसान मोर्चा के नेता गिरफ्तार

रीवा नवप्रदेश ! लखीमपुर खीरी घटना के मुख्य षड्यंत्रकारी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी की गिरफ्तारी व बर्खास्तगी को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आवाहन पर पूरे देश में रेल रोकने का ऐलान किया गया था मोर्चा के संयोजक शिव सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय आवाहन मुताबिक मोर्चे के नेता एवं किसान तथा जन संगठनों के प्रमुख कोठी कंपाउंड परिसर कमिश्नरी के पास इकट्ठा होने के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रीवा रेलवे स्टेशन पहुंचे जहां जिला पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक कार्यपालिक मजिस्ट्रेट डीएसपी सीएसपी थाना प्रभारी चोरहटा सिटी कोतवाली सिविल लाइन थाना सामान सहित अन्य थानों के प्रभारी जीआरपी के अधिकारी मौजूद रहे प्रशासन ने बैरिकेट्स लगाकर रेलवे के मुख्य गेट के पास रोक लिया किसान विरोध प्रदर्शन करते धरने पर बैठ गए सरकार के खिलाफ आक्रोशित किसान नेताओं एवं सैकड़ों की संख्या में किसानों को पुलिस गिरफ्तार कर थाना चोरहटा ले गई जहां गिरफ्तारी के बाद कार्यपालिक मजिस्ट्रेट द्वारा सामूहिक रूप से सभी आंदोलनकारियों को रिहा करने घोषणा की गई गिरफ्तारी में महिला किसान नेता भी शामिल रही गिरफ्तारी देने वालों में प्रमुख रूप से संयोजक शिव सिंह किसान नेता कुंवर सिंह रामजीत सिंह गयाप्रसाद मिश्रा ओमनारायण सिंह उमेश पटेल इंद्रजीत सिंह शंखू महिला किसान नेता श्रीमती आशा तिवारी अजय पांडे मिथिला सिंह फौजी यदुवंश प्रताप सिंह रामनरेश सिंह तेजभान सिंह अशोक सिंह सुग्रीव सिंह अमरा अनिल सिंह आदि सैकड़ों किसानों ने गिरफ्तारी दिया वही किसान बिल के विरोध में ग्राम बिहरा में 289बे दिन किसानों का अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा

कृषकों की समस्याओं के निराकरण के लिए कण्ट्रोल रूम स्थापित

पन्ना। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा पन्ना जिले में रबी फसलों की बोनी के दरम्यान कृषकों को उर्वरक और बीज प्राप्त करने में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए जिला और विकासखण्ड स्तर पर कण्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। शासकीय कार्य दिवस में कण्ट्रोल रूम सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक संचालित होगा। जिला स्तरीय कण्ट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी उत्तम सिंह बागरी (8878987506) को बनाया गया है। जबकि ए.के. कुशवाहा सहायक प्रभारी और आर.आर. द्विवेदी, अक्षय मिश्रा, प्रियंक मिश्रा और यस पाल सिंह बघेल को सहायक नियुक्त किया गया है। इसी तरह पन्ना विकासखण्ड के कण्ट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी ए.के. खरे (9425899991) को बनाया गया है। गुनौर ब्लॉक के लिए एस.के. पाठक (9993875024), पवई ब्लॉक के लिए आर.के. मौर्या (9893444472), शाहनगर ब्लॉक के लिए बी.पी. मिश्रा (9981744877) और अजयग? ब्लॉक में स्थापित कण्ट्रोल रूम के लिए एन.के. खरे (9425899991) को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

वन क्षेत्र से विस्थापित हितग्राहियों की सुविधाओं संबंधी बैठक 26 को

पन्ना । अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वन ग्राम एवं वन क्षेत्रों से विस्थापित हितग्राहियों को विभिन्न तरह की सुविधायें उपलब्ध कराने संबंधी आदेश गत 05 अक्टूबर को सम्पन्न हुई बैठक में कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र द्वारा दिए गए थे। गत बैठक में दिए गए निर्देशों के कारण प्रतिवेदन संबंधी बैठक का आयोजन 26 अक्टूबर को अपरान्ह 04 बजे कलेक्टर की अध्यक्षता में किया गया है।

कृषकों को अनुशंसित उर्वरक की मात्रा उपयोग करने की सलाह

पन्ना। कृषि विभाग द्वारा कृषकों को फसल उत्पादन में उर्वरकों के समन्वित उपयोग को बढावा देने, उत्पादन लागत को कम करने और मृदा उर्वरता को प्रतिकूल प्रभाव से बचाने के लिए फसलवार अनुशंसित उर्वरक की मात्रा का उपयोग करने की सलाह दी कृषक एक हेक्टयर में गेहू की फसल के लिए 120 किलो यूरिया, 60 किलो डी.ए.पी. और 17 किलो पोटाश अथवा 175 किलो यूरिया, 175 किलो एस.एस.पी. और 17 किलो पोटाश अथवा 80 किलो यूरिया, 90 किलो एन.पी.के. और 17 किलो पोटाश का उपयोग कर सकते हैं। इसी तरह चना फसल के लिए 60 किलो डी.ए.पी. अथवा 45 किलो यूरिया एवं 175 किलो एस.एस.पी. अथवा 60 किलो एन.पी.के. का उपयोग किया जा सकता है।मसूर की फसल के लिए 12 किलो यूरिया और 18 किलो डी.ए.पी. अथवा 09 किलो यूरिया और 78 किलो एस.एस.पी. अथवा 05 किलो यूरिया और 50 किलो एन.पी.के. का उपयोग कर सकते हैं। जबकि सरसों की फसल के लिए 15 किलो यूरिया, 15 किलो डी.ए.पी. और 33 किलो पोटाश अथवा 80 किलो यूरिया, 114 किलो एस.एस.पी. और 33 किलो पोटाश अथवा 32 किलो यूरिया, का उपयोग कर सकते हैं।

कैरियर काउंसलर के लिए आवेदन आमंत्रित

पन्ना। जिला रोजगार कार्यालय पन्ना द्वारा शिक्षित बेरोजगार आवेदकों के कैरियर मार्गदर्शन के लिए कैरियर काउंसलर और विषय विशेषज्ञों का पैनल तैयार किया जाना है। इसके लिए आगामी 25 अक्टूबर को शाम 05 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि तक अपना आवेदन पत्र वांछित दस्तावेजों के साथ जिला रोजगार कार्यालय में जमा कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए श्रीबल्देव जी मंदिर के पास स्थित रोजगार कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

चोरी गयी सिलाई मशीन बरामद

रीवा नवप्रदेश ! दिनांक 17-10-2021 को फरियादिया राधा नामदेव पति रामगोपाल नामदेव उम्र 33 वर्ष थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट किया कि दिनांक 16-10-2021की रात को फरियादी के घर से अज्ञात चोरो द्वारा फरियादी की सिलाई मशीन चुरा ले जाने पर से थाना सिटी कोतवाली रीवा में अपराध क्र. 729/2021 धारा 457,380 द्ब्रश्च का कायम कर विवेचना में लिया गया सूचना बाद से पुलिस अधीक्षक श्री नवनीत भसीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली रीवा आदित्य प्रताप सिंह परिहार ने घटना को गंभीरता से लेते हुए सभी आस पास के सभी संधिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ किया गया मुखबिर द्वारा सूचना और फरियादी के घर के सामने ओम किराना स्टोर पर लगे ष्ष्ह्1 कैमरा की मदद से कलीम उर्फ जावेद को घटनास्थल पर घूमते देखा गया था जिससे कलीम उर्फ जावेद खान को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिसमें आरोपी द्वारा सिलाई मशीन चोरी करना स्वीकार किया जिससे पूछताछ कर कार्यवाही की जा रही है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में थाना सिटी कोतवाली रीवा में कई अपराध पंजीबद् हैं

आरोपीः- 1- कलीम उर्फ जावेद खान पिता कबीर खान उम्र 28 साल निवासी सिंधी कालोनी रीवा

बरामद सम्पत्तिः- 01 सिलाई मशीन कीमती 5000 रुपये

महत्वपूर्ण भूमिकाः- निरीक्षक आदित्य प्रताप सिंह परिहार, सहायक उपनिरीक्षक नीरज सिंह प्रधान आरक्षक बलराम पासी

पन्ना पुलिस ने अंधे कत्ल का खुलासा कर मामले के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

पन्ना ? मृतक किशोर सिहं गोड की मर्ग डायरी दिनांक 22/09/2021 को प्राप्त होने पर थाना ब्रजपुर में मर्ग क्र 35/2021 धारा 174 जाफौ का पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया । डॉक्टर साहब द्वारा पी.एम. रिपोर्ट में मृतक किशोर सिहं की मृत्यु हेड इन्ज्युरी होने के कारण होना लेख किया गया है । मर्ग जाँच पर पता चला कि दिनांक 27/08/2021 को मृतक किशोर सिहं निवासी मठली का रोज की तरह अपनी दुकान जमुनहाई गया था, रात को ज्यादा समय तक घर वापस नही आने पर मृतक के पुत्र हल्के ने मृतक को फोन लगाया तो बोला कि आता हूँ और फोन काट दिया । किशोर सिहं रात भर घर नही आया दिनांक 28/08/2021 को जमुनहाई से सूचना मिली की किशोर सिहं राजापुर स्कूल में बेहोश हालत में पडा है जानकारी मिलने पर परिजन किशोर सिंह को उठाकर घर ले गये थे घर में तबियत ठीक नहीं होने पर दिनांक 29/08/2021 को किशोर सिहं के परिजनो द्वारा इलाज के लिये जिला अस्पताल पन्ना लाया गया था जहाँ डाक्टर द्वारा दिनांक 30/08/2021 को पन्ना से इलाज के लिये रीवा रेफर कर दिया गया था । दौरान इलाज रीवा में दिनांक 31/08/2021 को किशोर सिहं की मृत्यु हो गई थी जिसके शव को वापस ग्राम मठली लाकर अंतिम संस्कार किया गया था ।

पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही - थाना प्रभारी बृजपुर उनि बखत सिहं द्वारा मर्ग जांच हालात की जानकारी पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना को बताई गई । मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन ,अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अजयगढ़ श्री बलराम सिहं परिहार के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी बृजपुर के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम को मर्ग जाँच पूर्ण कर जाँच हालात की जानकारी देने हेतु निर्देशित किया गया उक्त पुलिस टीम को मामले के संबंध में जानकारी मिली कि घटना दिनांक को मृतक गल्ला खरीदी के काम से अपनी दुकान जमुनहाई गया था जो रात करीब 09-10 बजे एक व्यक्ति के घर पर उस व्यक्ति के साथ शराब पी रहा था । पुलिस टीम द्वारा उक्त सूचना के आधार पर जानकारी एकत्रित की गई तो पता चला कि घटना दिनांक को शराब के नशे में मृतक और उक्त व्यक्ति का आपस में वाद विवाद हो गया था जिसको लेकर उक्त व्यक्ति द्वारा मृतक के सिर में लोहे का हथौडा मार दिया था जिससे चोट आने के कारण मृतक अचेत हो गया था जिसे उस व्यक्ति के बेटे एवं दामाद द्वारा घटना छिपाने के उद्धेश्य से मृतक किशोर सिहं को घर से उठाकर रोड में डाल दिया गया था, जिसकी इलाज के दौरान रीवा अस्पताल में मृत्यु हो गई थी । उक्त मर्ग जांच से प्रथम दृष्टया हत्या का अपराध घटित करना पाये जाने से थाना प्रभारी बृजपुर उनि बखत सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक पन्ना को मर्ग जांच से अवगत कराया गया एवं उचित दिशा निर्देश प्राप्त कर मामले सदर में आरोपीगणो के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर पुलिस टीम द्वारा मामले के 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है । मामले में 01 आरोपी फरार है जिसे बहुत जल्द पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया जावेगा ।

सराहनीय योगदान-उपरोक्त कार्यवाही मे उप निरी. बखत सिहं ठाकुर थाना प्रभारी ब्रजपुर सउनि. राकेश सिह बघेल, सउनि अर्जुन प्रसाद, आर गिरधारी साहू, आर. नारायणदास, आर. बबलू सिहं, आर पदम सिहं , आर. दिनेश , आर. मुनेन्द्र सिंह ,म.आर. शिखा शुक्ला एवं सायबर सेल पन्ना से प्रआऱ. नीरज, प्रआर. राहुल, आर. अशीष अवस्थी, धर्मेन्द्र सिंह राजावत, राहुल पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

तेन्दूखेडा में मासिक महाआरती का आयोजन

तेन्दुकेड़ा। नगर तेन्दूखेडा में भगवती मानव कल्याण संगठन के द्वारा परमपूज्य परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के निर्देशन में विश्व के अनेकों स्थानों में मासिक महाआरती का आयोजन किया जाता है, इसी क्रम में तेन्दूखेडा में कृषि ऊपज मंडी प्रांगण में दिव्यता की आरती आयोजित की गई जिसमें तेन्दूखेडा ब्लॉक के कार्यकर्ताओं के साथ, माँ के भक्त उपस्थित हुए,दिव्य आरती का प्रारंभ माँ, गुरूवर के जयकारों से किया गया। छमा याचना के साथ दिव्य आरती संम्पन हुई। उद्धबोधन के क्रम मे भगवती मानव कल्याण संगठन तेंदूखेडा के ब्लॉक उपाध्यक्ष टीकाराम ठाकुर जी ने कहा कि गुरुवर श्री ने जो हमें लक्ष्य दिया है उस लक्ष्य पर कार्य करने की जरूरत है इन दो लाइनों के माध्यम से कि हम गुरुवर के शक्ति साधक आगे कदम बढ़ाएंगे जातिवाद की दौड़ तोड़कर आगे कदम बढ़ाएंगे इसी क्रम में नारायण सिंह जी ने कहा की हमें अपने घरों को मंदिर बनाने की जरूरत है जिस प्रकार मंदिर में नित्य प्रति साधना होती है उसी प्रकार अपने घरों में भी नित्य साधना करें और घर के अंदर किसी प्रकार का नशा प्रवेश ना करने दे। प्रति दिन कम से कम 15 मिनट प्राण साधना का क्रम अवश्य करें। इसी प्रकार मुन्ना यादव जी ने कहा कि भागीरथ जी ने जिस तरह अपने पूर्वजों के उद्धार करने के लिए गंगा मां को धरती पर लाए थे उसी प्रकार इस कलयुग के वातावरण को सतयुग में बदलने के लिए हम शक्ति साधको को तैयार कर रहे हैं हमें संगठन की विचारधारा को आत्मसात करना है। इसी क्रम में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के युवा मोर्चा जबेरा अध्यक्ष विनोद सिंह ने कहा जो कार्य भगवती मानव कल्याण संगठन कर रहा है वह कार कोई भी संगठन के द्वारा नहीं किया जाता समाज को जो मार्गदर्शन भगवती मानव कल्याण संगठन दे सकता है वह है किसी संगठन के पास सामर्थ नहीं है। इसी क्रम में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की प्रांतीय महासचिव उमा सिंह जी ने कहा कि हमें नित्य प्रति जन-जागरण कार्य में लगना है जैसे समाज को पता ही नहीं चला कलयुग का साम्राज्य स्थापित हो गया और ऐसे ही हमें कार्य करना है कि समाज को पता ही ना चले और ऐसा कार्य करना है कि सतयुग की स्थापना हो जाए हमें अपने आत्मबल को मजबूत बना के रखना है उपस्थित मां भक्तों का आभार धनीराम पाल द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन चतुर सिंह एवं राजेश सिंह जी द्वारा किया गया।

पंचायत आम निर्वाचन के संबंध में व्ही.सी. 22 को

पन्ना

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021 की तैयारियों के संबंध में आगामी 22 अक्टूबर को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा की जाएगी।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जे.पी. धुर्वे ने संबंधित अधिकारियों को कलेक्ट्रेट के एन.आई.सी. कक्ष में व्ही.सी. के दौरान स्वयं उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। व्ही.सी. का समय शाम 04.30 बजे से 05.30 बजे तक निर्धारित है।

शराबी ने कहा अगर शराब पकड़ी तो बकरे की तरह काटने और जान से मारने की दी धमकी

रैली निकलकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौपा

तेंदूखेडा। आज भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तेंदूखेड़ा थाना में टी आई वी एल चौधरी को ज्ञापन सौंपा संगठन के सदस्यों का आरोप है कि फरियादी भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्य राजकुमार सिंह पिता दुरग सिंह ग्राम वितली मोटरसाइकिला से पाटन से तेंदूखेड़ा होते हुए घर जा रहा था बीच रास्ते में दुकान सत्कार के सामने नगर तेंदूखेड़ा निवासी अस्सू खटीक एवं उनके साथी दो और सदस्य थे जो एक जैन भाई था और तीसरा व्यक्ति खामखेड़ा का था यह सब लोगों का पता अस्सू खटीक को है क्योंकि इन तीनों ने साथ में मिलकर मेरी मोटरसाइकिल रोककर हमारे साथ गाली देकर लोहे के बका जैसे हथियारों से जान से मारने की धमकी दी और कहा कि तूम सगंठन के लोग ज्यादा शराब पकडते हो हम तुम्हे बकरे की तरह काट कर जान से मार देंगे घटना 16 अक्टूबर 2021 की शाम लगभग 8ः00 बजे रात की है संगठन के सदस्य जगदीश द्वारा रात को पुलिस को सूचना दी गई थी पुलिस का कहना था कि आप सुबह आकर रिपोर्ट दर्ज कराएं अभी मैं दुर्गा उत्सव में वयस्त हूँ आज 17/10/2021 थाना प्रभारी बी एल चोधरी को आवेदन दिया गया और संगठन के कार्यकर्त्ता ने थाना निवेदन करते हुये आरोपीयों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाये अन्यथा संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा

हाई स्कूल शिक्षक उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

तेंदूखेडा। देश के प्रत्येक राज्य मे अध्ययनरत विद्यार्थियों की दक्षता आंकलन के लिए शासन द्वारा प्रत्येक 4 वर्षो में सभी राज्यो में एक साथ नेशनल अचीवमेंट सर्वे कराया जाता है जिससे प्राप्त परिणामो के आधार पर शासन द्वारा शिक्षा के विकास के लिए नई नई योजनाओं का निर्माण किया जाता है इन्ही उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए शासन द्वारा प्राप्त निर्देशो के अनुसार विकाशखण्ड स्तरीय हाई स्कूल शिक्षक उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विकाशखण्ड शिक्षा अधिकारी जी पी अहिरवार और उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य रघुराज सिंह द्वारा सरस्वती पूजन के साथ हुआ। जिले द्वारा निर्धारित तिथि अनुसार आयोजित कार्यशाला में जिले से निरीक्षण दल के रूप में परियोजना समन्वयक मोहन राय एवम सहायक शैलेन्द्र असाठी की उपस्थिति रही। इस कार्यशाला में विकाशखण्ड से प्रत्येक विषय से 18 शिक्षक अपेक्षित थे ।कार्यक्रम के प्रथम चरण में विकास खण्ड अकादमिक समन्वयक के के सोनी ने शिक्षकों को एन ए एस और उसके आयोजन के सम्बंध में विस्तार से जानकारी देकर कक्षा 10 वी के छात्रों को परीक्षा में तैयार करने के बारे में जानकारी प्रदान दी ।कार्यक्रम के द्वितीय चरण में उपस्थित विषय वार शिक्षको को उनकी विषय से सम्बंधित कठिन अवधारणाओं को समझाने के लिए आंकलन/परीक्षा का आयोजन किया गया। जिले द्वारा नियुक्त नोडल अशोक साहू (विज्ञान) अनिल खरे(अंग्रजी)अजय जैन(हिंदी) अनिल शर्मा (गणित) रघुराज सिंह (सामाजिक विज्ञान) द्वारा शिक्षको का विषय उन्मुखीकरण किया गया।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में फीडबैक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षको द्वारा अपने विचार रखे गए। अंत मे बी ई ओ जी पी अहिरवार प्राचार्य रघुराज सिंह एच एस धुर्वे द्वारा शिक्षको को सम्बोधित कर विषयवार बच्चो की तैयारी के लिए निर्देश देकर सतत निरीक्षण के संकेत दिए।कार्यक्रम का सफल संचालन के के सोनी ने करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

डेंगू के डंक से जनता परेशान, नाकाफी अभियान

बालाघाट, नवप्रदेश।

इन दिनों मौसमी बीमारियों का प्रकोप स्वास्थ्य विभाग की सबसे बड़ी चिंता का कारण बना हुआ है। पेट दर्द, बुखार, पीलिया, मलेरिया, फेल्सीफेरम के सैकड़ों मामलों के अलावा अपुष्ट डेंगू के भी मामले सामने आ चुके हैं। डॉक्टरों का भी कहना है कि डेंगू का समय पर इलाज जरूरी है। साधारण बुखार भी डेंगू हो सकता है। इसी कारण डॉक्टर इस मौसम में सावधानियां बरतने की सलाह दे रहे हैं। खासकर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की बात कही जा रही है। ऐसे में शहर के ऐसे क्षेत्रों के लोग सबसे ज्यादा चिंता कर रहे हैं, जिनके घरों के आप पास गंदगी का अंबार और वर्षो से जमा दूषित पानी भरा हुआ है। ऐसे स्थान डेंगू के लार्वा के लिए अनुकूलित भी माने जाते हैं। इस दिशा में ठोस प्रयास किए जाने की दरकार है।

अब तक चार मामले- जानकारों के मुताबिक डेंगू जैसी गंभीर बीमारी ने जिले में दस्तक दे दी है। जबलपुर और महाराष्ट्र में उपचार करा चुके चार लोगों में डेंगू के लक्षण पाए गए। इनमें बूढ़ी निवासी एक युवक की मौत भी हो चुकी है। विभाग का पूरा महकमा इन बीमारियों की रोकथाम में जरा भी कसर बाकी नहीं रखना चाहता। लेकिन नगर पालिका इस मामले में फेल नजर आ रही है। यहीं कारण है कि डेंगू पॉजीटिव मरीजों का ग्राफ बढ़ रहा है। अधिक तबियत बिगडने पर लोग बाहर इलाज कराने भी जा रहे हैं।

रोज हो रही खून की जांच - जिला अस्पताल लैब से मिली जानकारी के मुताबिक नित्य एक सैकड़ा से अधिक मरीजों के खून की जांच की जा रही है। ये ऐसे मरीज है जिन्हें डेंगू व मलेरिया संदिग्ध माना जा रहा है। इन मरीजों में ऐसे क्षेत्रों के लोग अधिक है, जो कि मलेरिया प्रभावित इलाकों से हैं। लगातार दूषित पानी व वातावरण के बीच रहने के कारण इनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। वहीं इन क्षेत्रों में डेंगू मलेरियां फैलने की आशंका भी प्रबल हो रही है।

स्थानीय जनों को सता रही डेंगू की आशंका, सफाई की मांग

यहां गंदगी का अंबार- डेंगू पॉजीटिव सामने आने के बाद नवप्रदेश ने शहर के मलेरियां प्रभावित और डेंगू संभावित क्षेत्र का मुआयना किया। यहां गंदगी का अंबार और सढांध मारती बदबू की परेशनी सामने आई। नपा के 100 से 200 मीटर दूरी पर ही वार्ड 22 पॉवर झोन हेल्थ के सामने गंदगी का अंबार लगा हुआ है। वहीं वर्षो से पानी जमा रहने के कारण सढांध मारती बदबू से लोगों का जीना है। कई कुत्ते बिल्लयां व सूकरों के मरकर सढ़ जाने से हवा चलते ही बेजा बदबू आती है। इसके अलावा वार्ड 13 तालाब, गोविंद पैलेस गली में उजबगले के घर के पीछे, इतवारी बाजार, गुजरी, वाडज़् 4 ऐसे क्षेत्र है, जो डेंगू के मच्छरों को पनपने और फैलने का कारण बन रहे हैं। यहां विशेष प्रयास किए जाने की दरकार है।

सवाधानी ही बचाव- स्पेसलिस्ट चिकित्सक डॉ वेदप्रकाश लिल्हारे इस बीमारी का इलाज सावधानी बरतना बताते हैं। डेंगू बीमारी से मरीज की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। शरीर पर लाल चिठ्ठे, शरीर में जकडऩ्, बुखार, बदन दर्द, जी मचलना और बुखार बढऩे पर आंखों में दद, नाक, कान और मल द्वार से खून आना डेंगू मलेरिया के लक्षण है। ये बीमारी इसी मौसम में पनपने वाले एडिस मच्छरों के काटने से होती है। ये मच्छर साफपानी में पनपते हैं। घरों के आसपास, कूलर, सीमेंट की टंकी, गमलों, छतों इत्यादि में पानी जमा नहीं होने देना चहिए। इस तहर के लक्षण पाए जाने पर सीधे डॉक्टरों की सलाह ले।

इनका कहना है

हमारी टीम डेंगू के लार्वा को नष्ट करने प्रयासरत है। शहर के संभावित क्षेत्रों में सफाई, फाड्क्षगग सहित अन्य प्रयास किए जा रहे हैं। आपके बताए स्थान पर भी प्रयास किए जाएंगे।

सतीश मटसेनियां,
नपा सीएमओ बालाघाट

पीएम स्वनिधि योजना के प्रकरण बैंकों को प्रेषित नहीं करने पर कलेक्टर मिश्रा ने जताई नाराजगी

वारासिवनी नपा के सीएमओ को कारण बताओ नोटिस के निर्देश

बालाघाट, नवप्रदेश।

कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आज 18 अक्टूबर को टीएल (समय सीमा) बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में समय सीमा में प्रकरणों की समीक्ष करने के साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा निदेज़्श दिये गये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कायज़्पालन अधिकारी विवेक कुमार, अपर कलेक्टर शिवगोविंद मरकाम, एवं सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर डा मिश्रा ने आगामी 23 से 25 अक्टूबर 2021 तक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के मैदान में आयोजित होने वाले आदि रंग उत्सव के लिए सभी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिये। इस आदि रंग उत्सव में आदिवासी संस्कृति, परंपरा, खेलकूद को प्रस्तुत किया जायेगा। इस अत्सव के दौरान शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा। उन्होंने इस आयोजन के दौरान बालाघाट जिले की चिन्नौर को व्यापक रूप से प्रचारित करने के निर्देश दिये।

बैठक में सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी को जिले के आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं स्कूलों में पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण कर उसका सत्यापन करने एवं रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों के सत्यापन कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। पेंशन हितग्राहियों के सत्यापन में नगर पंचायत लांजी एवं जनपद पंचायत बिरसा में अच्छा कार्य होना बताया गया। जबकि शेष निकायों एवं जनपद पंचायतों में संतोषजनक कार्य नहीं हुआ है।

बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग में अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों की वस्तुस्थिति प्रस्तुत करने एवं अन्य विभागों में रिक्त पदों की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। नगरीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रकरण निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप बैंकों को प्रेषित नहीं किये जाने पर कलेक्टर डॉ मिश्रा ने नारजगी जाहिर की और वारासिवनी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को इस संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में 1456 के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक बैंकों को 724 प्रकरण ही प्रस्तुत किये गये है।

बैठक में सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि वे समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए पंजीयन कराने वाले किसानों का सत्यापन कार्य शीघ्रता से करें। इसी प्रकार सड़क दुर्घटनाओं में सहायता राशि एवं प्राकृतिक आपदा में आरबीसी-6-4 के पुराने लंबित प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिये गये। बैठक में जिले के स्कूल भवनों, अस्पतालों एवं छात्रावासों में सौर उर्जा के लिए लगाये गये सोलर पैनल से बनने वाली बिजली के उपयोग के लिए नेट मिटरिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण करने एवं इसका सत्यापन करने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली छात्रवृत्ति के भुगतान की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के हितग्राही बच्चों को नि:शुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराने के निदेज़्श दिये गये। डेंजर रोड पर सड़क के चौड़ीकरण के लिए पेड़ काटने की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये, जिससे सड़क के चौड़ीकरण का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जा सके। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग के शिक्षकों की सेवा पुस्तिका के सत्यापन की समीक्षा की गई और इस कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान बताया गया कि 174 शिक्षकों के ईम्प्लायी कोड जारी नहीं होने के कारण उनकी सेवा पुस्तिका का सत्यापन लंबित है।

नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में आधा सैकड़ा से अधिक मरीजों की हुई जांच

बालाघाट,नवप्रदेश।

शहर के डॉक्टर्स कॉलोनी चर्च के आगे बूढ़ी स्थित डॉ मिश्र क्लिनिक में सोमवार को नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 2.30 बजे संचालित हुआ। जिसमें करीब सौ लोगों ने पंजीयन कराया था इनमें आधा सैकड़ा से अधिक मरीजों ने शिविर में पहुंच जांच कराकर उचित परामर्श लिया। शिविर में नाक, कान, गला, मुहं, दांत, स्किन, हेयर एवं जोड़ों के ददज़् का नि:शुल्क जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। इस संबंध में डॉ. ए.के मिश्र ने बताया कि जय राधा देवी मिश्र की बरसी के अवसर पर 18 अक्टूबर को हर वर्ष नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। गत वर्ष कोरोना संक्रमण के चलते शिविर नहीं लगाया गया था लेकिन कोरोना नियंत्रण में होने से इस वषज़् नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ आर.के मिश्र ने नाक, कान, गला व डॉ. साधना मिश्र बीएएमएस एमडी मेडिसीन द्वारा जोड़ों के दर्द व डॉ. ए.के मिश्र ने मुहं दांत, स्किन, हेयर सें संबंधित मरीजों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया।

पानी पुरी खाने से 50 से अधिक लोग बीमार, विक्रेता पर हुई एफआईआर दर्ज

लांजी क्षेत्र के सिरेगांव फूड पॉइजनिंग मामले की जांच के निर्देश

बालाघाट, नवप्रदेश। लांजी के ग्राम सिरेगांव में फूड पॉइजनिंग की घटना में 50 से अधिक ग्रामीणों की तबीयत खराब होने के मामले में कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशासन बालाघाट एवं पुलिस थाना लांजी द्वारा ग्राम सिरेगांव जाकर ग्रामीणों से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। ग्रामीणों के अनुसार 15 अक्टूबर को कुमारी खुर्द निवासी नंदकिशोर समरीते के पानी पुरी खाने से लोगों को उल्टी-दस्त एवं पेट संबंधित परेशानी के चलते के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला चिकित्सालय तक जाना पड़ा था। मौके पर कुमारी खुर्द पहुंचकर विक्रेता घर परिसर की तलाशी लेने पर पानी पुरी बनाने के कच्चे खाद्य पदार्थ जैसे फुल्की, मसालों के खुले पैकेट अमचूर एवं खाद्य पदार्थ निमाज़्ण के बर्तन पाए गए। इसके अलावा अन्य तरह की जांच भी की गई और सेंपल लिए। अस्वच्छता से पानीपुरी एवं उसका पानी बनाने एवं लोगों की स्वास्थ्य से खिलवाड़ के आरोप में नंदकिशोर समरीते के विरुद्ध लांजी थाना में एफआईआर दर्ज की गई।

इनका कहना है

लांजी के सिरेगांव में फुल्की खाने से आधा सैकड़ा से अधिक लोग बीमार हो गए थे, जिन्हें इलाज मिलने के बाद हालत में सुधार हो गया है। लेकिन वजह जानने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जांच की जा रही है। इसी के चलते सोमवार को सिरेगांव पहुंचकर ग्रामीणों के बयान दर्ज किए गए हैं।

वाजिद मोहिब,
खाद्य औषधि निरीक्षक

कटनी में डॉ. हीरालाल राय स्मारक तोड़े जाने से कलार समाज आक्रोशित, दोषी बिल्डर पर कार्यवाही की मांग

बालाघाट, नवप्रदेश।

मध्यप्रदेश के कटनी में स्थापित रायबहादुर डॉ. हीरालाल राय के स्मारक को बिल्डर द्वारा तोड़े जाने से पूरे प्रदेश में कलार समाज के लोगों में आक्रोश है। जिसके चलते सोमवार को जिला कलार समाज ने स्मारक तोडऩे वाले बिल्डर पर कड़ी कार्यवाही किए जाने व ध्वस्त किए गए स्मारक को पुन: स्थापित करने की मांग को लेकरि राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान कलार समाज के पदाधिकारियों ने कहा में मांग पूरी नहीं की गई तो समाज आंदोलन करने बाध्य होगा। इस दौरान जिला सर्ववर्गीय कलार समाज अध्यक्ष अमृतलाल धुवारे ने कहा कि बिल्डर द्वारा स्मारक तोड़े जाने का जो कृत्य किया गया है यह पूरे समाज का अपमान है। राय बहादुर डॉ. हीरालाल राय समाज के विश्वविख्यात विभूति, पुरातत्वविद, इतिहासकार, नारी शक्ति के समथज़्क, आदिवासी भाषा के जानकार और हिंदी गजेटियर के पितामह थे। जिनकी आज भी सप्रे संग्रहालय में वीथिका स्थापित है। उन्होंने कहा कि कालांतर में पैतृक उत्तराधिकारियों को विरासत में मिली भूमि के 0.3 एकड़ में राय बहादुर डॉ. हीरालाल राय का स्मारक बनाकर शेष भूमि का विक्रय कर दिया था। जिसमें स्मारक वाली भूमि को भी राजस्व विभाग की मिलीभगत से बिल्डर के पक्ष में नामांतरण कर दिया गया। जिसके बाद बिल्डर ने स्मारक वाले स्थल पर कब्जा कर उसे तोड़ दिया। जिससे कलार समाज की भावनाओ और सम्मान को ठेस पहुंची है।

इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष अनिल धुवारे ने कहा कि पूरे प्रदेश में आज एक साथ कलर समाज स्मारक को तोड़े जाने से नाराज होकर महामहिम राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर मांग कर रहा है कि तोड़े गए स्मारक को पुन: स्थापित किया जाए और बिल्डर पर दंडात्मक कायज़्वाही की जाए, अन्यथा इसके खिलाफ पूरे प्रदेश में कलार समाज आंदोलन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान सर्ववर्गीय जिला कलार समाज अध्यक्ष अमृतलाल धुवारे, सचिव सूरज दौने, नगर अध्यक्ष केवल सोनेकर, पूर्व नपाध्यक्ष अनिल धुवारे, डहरवाल कलार समाज जिलाध्यक्ष शिवाजी बावीसताले, संतोष जायसवाल, सोहन दौने, समीर जायसवाल, महेश डोहरे सहित अन्य सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

महिला कांग्रेस ने बच्चियों को आत्मरक्षा का हुनर सिखाने लगाया कराटे शिविर

बालाघाट,नवप्रदेश। मध्यप्रदेश में बच्चियों व महिलाओं के साथ हो रही बलात्कार व छेड़छाड़ जैसी घटनाओं को ध्यान में रखते हुए बेटियों व महिलाओं को आत्मरक्षा करने हेतु आत्मनिर्भर बनाने की मंशा से प्रदेश महिला कांग्रेस के आव्हान पर सभी जिलों में 15 से 17 अक्टूबर तक तीन दिवसीय जुडो कराटे शिविर का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में बालाघाट जिले में भी महिला कांग्रेस के द्वारा कराटे शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कराटे प्रशिक्षकों ने बच्चियों को कराटे का प्रशिक्षण देकर आत्मरक्षा करने का हुनर बताया। कराटे शिविर के समापन अवसर पर महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव विद्या परिहार, महिला कांग्रेस अध्यक्ष शानू राय, सुमन केवलानी सहित अन्य मौजूद रहे।

इस संबंध में महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव विद्या परिहार ने बताया कि प्रदेश में बच्चियों व महिलाओं के साथ दुष्कर्म के मामले बढ़ रहे है। इस तरह की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हंसा जायसवाल के नेतृत्व में प्रदेश के सभी जिलों में महिला कांग्रेस द्वारा कराटे शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुशल कराटे प्रशिक्षक द्वारा बच्चियों को आत्मरक्षा के लिए कराटे की बारीकियों के बारे में प्रशिक्षण दिया। ये बालाघाट जिले के लिए अनोखी पहल है। उन्होंने कहा कि जो भी इस पहल से बच्चियां व युवतियां जुडऩा चाहती है जुड़ सकती है, हम आगे भी इस शिविर को जारी रखेंगे।

चोरी गई बोलेरो का पता नहीं बताने से आक्रोशित ने की प्रौढ़ पर जान लेवा हमला

बालाघाट, नवप्रदेश।

ग्रामीण थाना अंतर्गत ग्राम नवेगांव में एक युवक ने चोरी गई बोलेरो का पता नहीं बताने पर घर में सो रहे 55 वर्षीय प्रौढ़ के सिर पर लोहे के पट्टे से जान लेवा हमला कर घायल कर दिया। घायल नैतरा निवासी शिवप्रसाद पिता लक्ष्मण ढेकवार को गोंदिया के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया गया कि नवेगांव निवासी छोटा उफ प्रेम पिता मानिक रनगिरे की नवेगांव चौक में कृषि उपकरण और हार्डवेयर की दुकान है। पिछले माह प्रेम रनगिरे की दुकान के सामने खड़ी बोलेरो वाहन किसी अज्ञात चोर ने चोरी की। जिसकी शिकायत प्रेम ने ग्रामीण थाना में दी थी जिससे पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर पतासाजी की जा रही है। प्रेम को घायल शिवप्रसाद पर बोलेरो चोरी के बारे जानकारी होने का संदेह था। शिवप्रसाद शंकुन्तला बाई की खेती अधिया में कमाता है जो रात में खेत में ही सोता था। शुक्रवार की रात शिवप्रसाद खेत में बने मकान में अकेला सोया था कि सुबह करीब 4.30 बजे प्रेम रनगिरे आया और शिवप्रसाद से बोला कि मेरी बोलेरो चोरी हुई है जिसकी जानकारी तुझे है जिससे शिव प्रसाद ने कहा कि मैं बोलेरो के संबंध में कुछ नहीं जानता। जिससे आवेश में आकर प्रेम ने शिवप्रसाद को जान से मारने की नियत से उसके सिर में लोहे के पट्टे से वार कर घायल कर दिया और उसे बिस्तर पर पटक कर गला दबाने लगा। जिसकी सूचना शिवप्रसाद के परिजनों को मिलने पर उसकी पत्नी रामबती और बेटा राकेश पहुंचे और घायल शिव प्रसाद को जिला अस्पताल लाकर भर्ती किए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे गोंदिया अस्पताल ले जाया गया। इस मामले की सूचना ग्रामीण थाना में मिलने पर पुलिस ने छोटा उर्फ प्रेम के खिलाफ धारा 458, 307, 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की पतासाजी की जा रही है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद मलाजखंड जिला- बालाघाट (म.प्र.)

email- cmomalajkhand@mpurban.gov.in

जिला फैक्स नं. **07637-257271**, फोन नं. **07637-257060**

क्रं./1374/स्वा.भा.मि./स्व.शा./न.पा.प./2021 मलाजखंड दिनांक 18.10.2021

खुले में शौच से मुक्त घोषित सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद मलाजंखड जिला बालाघाट के द्वारा नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत व्यक्तिगत शौचालयो का निर्माण किया जाकर निकाय को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया गया है। कार्यालय में कुछ हितग्राहियो द्वारा शौचालय निर्माण लागत राशि का 10 प्रतिशत अंशदान राशी 1360/- जमा करने की रसीद प्रस्तुत कर जानकारी देते है कि घर पर शौचालय का निर्माण नही हुआ है। तत्संबंध में स्वच्छ भारत योजनान्र्तगत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण कार्य की योजना शत प्रतिशत पूर्ण कर हितग्राही योजना से वंचित न रहे के उद्देश्य से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद मलाजखंड के द्वारा शौचालय निर्माण हेतू जारी किये गये रसीद की प्रति हो और घर पर शौचालय न बना हो ऐसे हितग्राही सात दिवस के अंदर कार्यालय में योजना प्रभारी श्री ओपी पारासर से सम्पर्क कर कार्यालय द्वारा जारी रसीद की छायाप्रति कार्यालय में जमा करे या उनके व्हाट्सअप नम्बर 8827667141 पर रसीद की प्रति व्हाटसअप करे जिसमें शत प्रतिशत शौचालय का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा सके या राशि वापस भूगतान किया जा सके। समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदनो पर विचार नही किया जायेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मलाजखंड
जिला बालाघाट(म.प्र.)

जबलपुर जनपद शिक्षा केंद्र ग्रामीण में लोकायुक्त की दबिश

रंगे हाथ रिश्वत लेते पकड़ा गया विकासखंड स्त्रोत समन्वयक

जबलपुर/ नवप्रदेश

मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित जनपद शिक्षा केन्द्र ग्रामीण के आफिस में उस वक्त हड़कम्प मच गया, जब लोकायुक्त पुलिस की टीम ने विकास स्त्रोत समन्वयक ठाकुर प्रसाद पटेल को 6 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। उक्त रिश्वत की राशि किसी और से नहीं बल्कि आफिस के ही एकाउटेंट से ले रहा था। लोकायुक्त इंस्पेक्टर स्वप्रिल दास ने बताया कि जनपद शिक्षा केन्द्र ग्रामीण के आफिस में पदस्थ एकाउंटेंट से कार्यालय की विभिन्न मदों के बिलों को नियम विरुद्ध लगाकर भुगतान की 60 प्रतिशत राशि व कारण बताओ नोटिस के निराकरण के एवज में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र ठाकुर प्रसाद पटेल ने 12 हजार रुपए की रिश्वत मांगी, जिसपर एकाउंटेंट विक्रम सिंह चौहान ने एसपी लोकायुक्त अनिल विश्वकर्मा से शिकायत की। इसके बाद आज रिश्वत की पहली किश्त 6 हजार रुपए लेकर विक्रम सिंह चौहान आफिस पहुंचे और ठाकुर प्रसाद पटेल को दिए, जैसे ही ठाकुर प्रसाद ने 6 हजार रुपए लिए तभी लोकायुक्त डीएसपी दिलीप झरवड़े, इंस्पेक्टर कमलसिंह उईके, आस्कर किंडो, आरक्षक अतुल श्रीवास्तव, जुबेद खान, विजय बिष्ट व जीतसिंह ने दबिश देकर रंगे हाथ पकड़ लिया। लोकायुक्त टीम के हत्थे चढ़ते ही ठाकुर प्रसाद ने रिश्वत की राशि फेंककर अधिकारियों से विवाद करना शुरू कर दिया, जिन्हे कानूनी कार्यवाही में दखल न देने की समझाइश देकर शांत कराया गया। ठाकुर प्रसाद के रिश्वत लेते पकड़े जाने की खबर से आसपास के आफिसों में हड़कम्प मच गया, देखते ही देखते जनपद शिक्षा केन्द्र ग्रामीण के कार्यालय में अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों की भीड़ जमा हो गई, जिनके बीच तरह तरह की चचार्एं व्याप्त रही। लोकायुक्त टीम के अधिकारियों का कहना है कि आफिस में उनके अन्य दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है।

वैक्सीनेशन का विशेष अभियान: जबलपुर में 23 अक्टूबर तक दूसरी डोज लगाने पर जोर

जबलपुर/ नवप्रदेश

जिले में सेकेंड वैक्सीनेशन की रफ्तार बढ़ाने के लिए हेल्थ विभाग ने आज सोमवार 18 अक्टूबर से छह दिन का विशेष अभियान शुरू किया है। हर सेंटर पर कोवीशील्ड और को-वैक्सीन का डोज उपलब्ध कराया गया है। वहीं तीन वैन की मदद से शहर में दिव्यांग, बीमार और अक्षम लोगों के घर पहुंच कर वैक्सीन लगाई जाएगी।

जिला वैक्सीनेशन अधिकारी डॉ. शत्रुघन दाहिया के मुताबिक अभी तक जिले में 19 लाख से अधिक लोगों को वैक्सीन लग चुकी है। इसमें 8.50 लाख लोगों ने दोनों डोज लगवा ली है। सेकेंड डोज का टार्गेट पूरा करने के लिए आज सोमवार 18 अक्टूबर से 23 तक विशेष अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए हर सेंटर पर अब दोनों वैक्सीन उपलब्ध कराई गई है। छह दिन के इस विशेष अभियान के क्रम में आज शहर में 72 सेंटर बनाए गए हैं। इसके अलावा तीन मोबाइल वैन भी तैनात की गई

3 वैन लोगों को घर पर टीका लगाने पहुंचेंगी

है, जो सूचना मिलने पर दिव्यांग, बीमार और अक्षम लोगों के घर-घर जाकर वैक्सीन लगाएगी। जबलपुर शहर के अलावा जिले के ग्रामीण क्षेत्र में भी 120 टीकाकरण केन्द्र बनाए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सभी सेंटर पर दोनों वैक्सीन उपलब्ध रहेगा। कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लगाने के लिये पूर्व से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं होगी। हर सेंटर पर आन स्पॉट रजिस्ट्रेशन की सुविधा मिलेगी। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने वैक्सीन की दूसरी डोज लगाने के लिए शुरू किए गए इस अभियान से जुड़े शासकीय अमले को ड्यू लिस्ट के आधार पर दूसरी डोज लगवाने के लिये संबंधित व्यक्ति से संपर्क करने के निर्देश दिए हैं।

जिले में वैक्सीनेशन की धीमी रफ्तार से बढ़ी चिंता

जिले में पिछले 17 दनों में 1.60 लाख लोगों को वैक्सीन लग पाई है। यहीं प्रशासन की चिंता भी है। कोविड के मामले काबू में होने के बाद लोगा बेपरवाह हो चले हैं। जिले में 17 दिनों में 66 हजार 597 लोगों ने जहां पहला डोज लगवाया। वहीं 93 हजार 775 लोगों ने सेकेंड डोज लवाया। अब तक जिले में कुल 27 लाख 64 हजार से अधिक डोज लग चुका है।

जबलपुर में तीन दुकानों में देर रात लगी आग

जबलपुर/ नव प्रदेश। जबलपुर के गाजी मियां मैदान स्थित तीन दुकानों में रविवार देर रात 2.20 बजे आग लग गई। देर रात हादसा होने की वजह से लोगों को इसकी जानकारी काफी देर बाद लग गई। नगर निगम के फायर ब्रिगेड के तीन वाहनों ने दो घंटे के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में पांच लाख से अधिक नुकसान होने की बात कही जा रही है। फायर ब्रिगेड के मुताबिक गोहलपुर के गाजी मियां मैदान में मकसूद अनवर मंसूरी की बॉडी मेकर की दुकान है। उसी के बगल में दो अन्य

दुकानें भी हैं। रविवार देर रात 2.20 बजे दुकानों से निकल रही लपटों को देखकर किसी ने पहले पुलिस को और फिर फायर ब्रिगेड को खबर दी। आग की सूचना मिलते ही तीन वाहन मौके पर पहुंचे। गोहलपुर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। वहीं हादसे की खबर पाकर दुकान संचालक और आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में एकत्र हो गए थे। पुलिस ने सभी को दूर खदेड़ा। इसके बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी की मदद से आग बुझाने की कवायद शुरू हुई। लगभग दो घंटे बाद सुबह 4.30 बजे आग बुझाई जा सकी। हादसे में दुकान में मरम्मत के लिए कई वाहनों का बॉडी जल गया। आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

हाई कोर्ट के विखंडन की आशंका से एकजुट जबलपुर के वकील आक्रोशित

जबलपुर/ नव प्रदेश। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के विखंडन की आशंका से एकजुट जबलपुर के वकील आक्रोशित हो गए हैं। उनका कहना है कि पहले ही इंदौर व ग्वालियर खंडपीठ के रूप में मध्य प्रदेश की न्यायधानी जबलपुर का हक मारा जा चुका है और अब जबलपुर को हाई कोर्ट की मुख्यपीठ की गरिमा से नीचे गिराने की कवायद शुरू हो गई है। यह रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हाई कोर्ट के अधिवक्ता संजय वर्मा, आदित्य अहवासी, केबी सिंह, श्रद्धा तिवारी व मीना वर्मा ने बताया कि बड़ी चालाकी से मुख्यपीठ शब्द को विलोपित कर दिया गया है। दरअसल, यह एक प्रक्रिया है, जिसका समय रहते विरोध न करने पर जबलपुर को न्यायधानी की हैसियत से विलग कर दिया जाएगा। साथ ही राजधानी भोपाल के रूप में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का चौथा विखंडन तय हो जाएगा। लंबे समय से इसकी कोशिश जारी रही है।

महाविद्यालयों प्रवेश की प्रक्रिया 21 से प्रारंभ

जबलपुर/ नव प्रदेश। प्रदेश के 1300 सरकारी और निजी कालेजों में प्रवेश के लिए फिर मौका दिया गया है। प्रवेश लेने से वंचित विद्यार्थी इसका फायदा उठा सकते हैं। 21 अक्टूबर से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है। जो 30 अक्टूबर तक चलेगी। निजी कालेजों में सीट बहुत अधिक खाली पड़ी हुई है इस वजह से भी शासन ने अतिरिक्त मौका दिया है। ज्ञात हो कि सरकारी कालेजों में जहां सभी विषयों में सीट फुल हो चुकी है वहीं निजी कालेजों में प्रवेश की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। छोटे कालेज में आधी सीट भी परम्परागत पाठ्यक्रमों की नहीं भर पाई है। इधर विद्यार्थी संगठन भी प्रवेश की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की मांग कर रहे थे ताकि ज्यादा विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल पाए। पिछले कुछ सालों से विद्यार्थियों का रूझान निजी की बजाए सरकारी कालेज में दाखिला लेने पर ज्यादा रहा है। इसकी बड़ी वजह सरकारी योजनाओं का लाभ होना है। प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी को रोजगार मेला,मोबाइल फोन के अलावा कई अन्य योजनाओं का लाभ दिया जाता है जबकि निजी कालेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को कई योजना का लाभ नहीं होता है।

संस्कारधानी में लोडिंग ड्राइवर की मामूली विवाद पर हत्या

पार्किंग विवाद में दो भाइयों ने मारा चाकू, एक घंटे तक तड़पता रहा, किसी ने मदद नहीं की

जबलपुर/ नव प्रदेश। जबलपुर में लोडिंग ड्राइवर की पार्किंग विवाद में दो भाइयों ने चाकू मार कर हत्या कर दी। युवक घटनास्थल पर एक घंटे तक तड़पता रहा, लेकिन कोई मदद के लिए आगे नहीं आया। जब तक उसे अस्पताल पहुंचाया जाता, मौत हो चुकी थी। गोहलपुर पुलिस ने केस दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गोहलपुर टीआई अरविंद चौबे के मुताबिक सुब्बाशाह मदार छल्ला निवासी शेरखान उर्फ कुन्नू (30) लोडिंग वाहन एमपी 20 एलए 7805 चलाता था। वह रद्दी चौकी में खंडेलवाल फर्नीचर के सामने लोडिंग वाहन लगाता था। यहां से बिकने वाले फर्नीचर को पहुंचाने की बुकिंग करता था। शाम करीब 5.15 बजे वह लोडिंग वाहन लेकर दुकान के सामने पहुंचा था। लोडिंग पार्क कर रहा था, तभी लकड़गंज निवासी सोनू खान व मोनू खान अपना लोडिंग लेकर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पार्किंग को लेकर शेरखान और मोनू-सोनू का विवाद

हो गया। दरअसल, वे अपना वाहन खड़ा करना चाहते थे। कहासुनी के दौरान दोनों भाइयों से शेरखान की हाथापाई होने लगी। इसी दौरान, मोनू खान ने चाकू से शेरखान के छाती पर वार कर दिया। एक ही वार में वह छाती पकड़ कर वहीं गिर पड़ा। क्षेत्रीय पूर्व पार्षद गुलाह हुसैन के मुताबिक, शेरखान लहूलुहान हालत में एक घंटे तक तड़पता रहा, पर कोई मदद के लिए आगे नहीं आया। दुकान में 15 से 20 लोग काम करते हैं। बावजूद किसी ने उसे अस्पताल नहीं पहुंचाया। वह मदद के लिए गिड़गिड़ाता रहा। यहां तक कि किसी ने पुलिस को भी खबर कर दी होती, तब भी जान बच सकती थी। अधिक रक्तस्राव के चलते मौत हो गई। शाम करीब 6.15 बजे के उसे पास के निजी अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। खबर मिलते ही गोहलपुर टीआई, सीएसपी गोहलपुर अखिलेश गौर, एएसपी रोहित काशवानी भी मौके पर पहुंचे। तब तक शेरखान के पिता मुन्ना खान सहित अन्य लोग भी पहुंच गए। गोहलपुर पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर सोनू खान को गिरफ्तार कर लिया है। मोनू खान की तलाश जारी है। पुलिस ने प्रकरण में हत्या का मामला दर्ज कर शव को पीएम के लिए भिजवा दिया है।

टिकट लिए बगैर कर रहे थे रेल की सैर 125 यात्रियों को पड़ गया महंगा

जबलपुर/ नव प्रदेश। जबलपुर मंडल से गुजरने वाली कई यात्री ट्रेनों में उड़नदस्ते ने औचक छापामारी की। छापामारी के दौरान बेटिकट यात्रियों में हड़कंप मच गया। बिना टिकट लिए ट्रेन में सफर करने वाले यात्री अन्य डिब्बों में भागने लगे। इस दौरान ट्रेन में बिना टिकट यात्रा करते 125 यात्रियों को पकड़कर 95 हजार रुपये जुमार्ना वसूल किया गया। मंडल वाणिज्य प्रबंधक देवेश कुमार सोनी ने बताया कि वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन के निर्देश व सहायक वाणिज्य प्रबंधक पंकज दुबे के नेतृत्व में जबलपुर स्टेशन के उड़नदस्ते ने मुंबई-हावड़ा मेल, पुणे-पटना एक्सप्रेस, बनारस-मुंबई महानगरी एक्सप्रेस सहित आधा दर्जन यात्री गाड़ियों में विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान चल टिकट निरीक्षक मनोज मिश्रा, राजकरण राजपूत, अजय राय, संजय श्रीवास्तव, संजय दुबे, राजेश बाबरिया एवं शरद चौबे के साथ खानपान निरीक्षक ऋषि कांत कुमार ने ट्रेनों और पेंट्री कार की जांच की। बिना टिकट पकड़े गए यात्रियों से जुमार्ना वसूलते हुए पेंट्री में खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता व कीमत भी जांची गई।

टीम को ट्रेन के पैंट्री कार में गड़बड़ी नहीं मिली है।अप डाउनर्स भी कर रहे बिना टिकट यात्रा- टिकट लिए बगैर ट्रेन की यात्रा करने में अप डाउनर्स भी पीछे नहीं हैं। जबलपुर से कटनी सतना नरसिंहपुर समय रेल मार्ग से जुड़े कुछ समीपी जिलों में सरकारी व निजी क्षेत्र के तमाम कर्मचारी रोजाना जबलपुर से ड्यूटी करने जाते हैं। रेल सूत्रों के मुताबिक इनमें से तमाम कर्मचारी टिकट लिए बगैर ट्रेन में यात्रा करते हैं वे मासिक पास भी जारी नहीं करवाते। हालांकि रेलवे द्वारा समय-समय पर औचक निरीक्षण कर वे टिकट यात्रियों को पकड़ा जा रहा है।

8 दिन से लापता शिक्षक:जबलपुर में मॉर्निंग वॉक को निकले थे शासकीय स्कूल के प्रभारी प्राचार्य

जबलपुर/ नव प्रदेश। जबलपुर में शासकीय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रहस्यमय ढंग से गायब हो गए हैं। 10 अक्टूबर को वे घर से मार्निंग वॉक पर निकले थे, इसके बाद से पता नहीं चल रहा है। परिवार के लोगों ने इसके पीछे गांव वालों से हुए विवाद को जोड़कर देख रहे हैं। मझगवां पुलिस ने गुम इंसान कायम कर मामला जांच में लिया है। हालांकि पुलिस की जांच से परिवार वाले संतुष्ट नहीं हैं।सिहोरा ब्लॉक के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल अगरिया में प्रभारी प्राचार्य मंगल सिंह करोपे (55) बीते 10 अक्टूबर से गायब हैं। वे 10 अक्टूबर की सुबह 4-30 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। वह रोज 3 से 4 किमी दूर तक जाते थे और लौट आते थे। 10 अक्टूबर की सुबह को निकले, तो अब तक पता नहीं चला।परिजनों ने सभी जगह उनकी तलाश की, लेकिन कुछ भी पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने मझगवां थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। मंगल सिंह करोपे मढ़ा बंजर गांव के रहने वाले हैं। बेटी हेमलता करोपे के मुताबिक वह सुबह 4.30 बजे निकलते थे और 6-30 बजे लौट आते थे। वे अपना मोबाइल भी घर में चार्ज में लगा कर छोड़ गए थे। बनियान और टॉवल में निकले थे। आदिवासी दिवस पर 9 अगस्त को गांव के सामाजिक लोगों से उनका विवाद हुआ था। बेटी हेमलता करोपे के मुताबिक उस दिन विवाद के दौरान उसके पिता के साथ मारपीट भी गई थी। हालांकि तब मामला शांत हो गया था, लेकिन तनाव बना हुआ था। बेटी ने आशंका व्यक्त की है कि उक्त लोगों से पूछताछ हो तो पिता के गायब होने की गुत्थी सुलझ सकती है।

आबकारी पुलिस से बचने की कोशिश कर रहे तस्कर की कार रेलिंग से टकराकर पलटी

जबलपुर/ नव प्रदेश। बरेला के शारदा मंदिर के पास से कार में शराब लेकर आ रहे तस्कर ने आबकारी पुलिस की चेकिंग देखकर भागने की कोशिश की और तेज रफ्तार कार नहर की रेलिंग से टकराकर पलट गई। हालांकि चालक को चोट नहीं आई। आबकारी टीम ने ट्रैक्टर के मदद से कार को सीधा कराकर शराब जब्त कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित से पूछताछ की जा रही है कि वह शराब कहां से लाया और किसे सप्लाई करने जा रहा था। आबकारी कंट्रोल रुम प्रभारी जीएल मरावी ने बताया कि सूचना मिली कि वाहन क्रमांक एमपी- 04 सीबी 1708 में शराब लेकर बरेला के रास्ते शहर आ रहे है। सूचना पर वह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और बरेला शारदा मंदिर के पास घेराबंदी की। कुछ देर बाद वहां से कार आते हुए दिखी, जिसके बाद कार को रोकने का प्रयास किया, तो चालक ने कार की रफ्तार तेज कर दी। इसके बाद कार का पीछा करना शुरू किया। कार चालक ने तेज रफ्तार से चलाते हुए कार को महगवां की ओर मोड दिया और कुछ दूर जाकर कार अनियंत्रित होकर नहर के पास रेलिंग से टकराकर पलट गई। यह देखकर तत्काल ही टीम के सदस्यों ने पास ही गांव से ट्रैक्टर का इंतजाम किया और रस्सी से कार को बांधकर सीधा किया। कार में वाहन चालक मिला, हालांकि उसे चोटें नहीं आई थी।

इंटीग्रेटेड ब्लॉक का कल्चर रेल मंडल में होगा शुरू

जबलपुर/ नव प्रदेश। रेल खंडों में लिए जाने वाले इंटीग्रेटेड ब्लॉक का कल्चर अब जबलपुर मंडल में शुरू किया जाना चाहिए, जिससे कि पटरियों पर दौड़ने वाली ट्रेनों को रोक कर किए जाने वाले कार्य के समय में रेलवे के सभी विभाग अपना अपना काम निर्धारित समय में मुस्तैदी के साथ मिलकर कर सकें और रेल का संचालन पुन: सुचारू रूप से हो सके। इस बात पर पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता ने जोर दिया। दरअसल जबलपुर से इटारसी के बीच अपने रियर विंडो इंस्पेक्शन के दौरान उन्होंने मंडल के अधिकारियों से इंटीग्रेटेड ब्लॉक का कल्चर जबलपुर रेल मंडल में शुरू करने की बात कहीं।

नव प्रदेश दैनिक अखबार में मार्केटिंग के लिए कुशल एवं अनुभवी व्यक्ति संम्पर्क करें, साथ ही समस्त जिले एवं ब्लॉक में संवाददाता नियुक्त करना है।
संम्पर्क करें:- नव प्रदेश कार्यालय
होटल सन पैलेस, भाटिया टायर के पीछे
पुराना बस स्टैंड, जबलपुर (म.प्र.)
फोन: 0761- 4924975
मों: 7000721804

Nelesh09@gmail.com 9425387582
VISHAM
Time Art MOBILE
RETAIL PARTNER
Realme
Oppo mi SAMSUNG ViVO Smart phone ONEPLUS
10, Corporation Market Naudra Bridge, Jabalpur

1 ग्राम ए.डी. एवं फैंसी ज्वेलरी के थोक विक्रेता
पूजा जैसा कोई न दूजा
पूजा इमीटेशन
पेपर कटिंग लाने पर एक जोड़ी ईयर रिंग फ्री
1 ग्राम गोल्ड शोरूम
मात्र 800 की खरीदी पर एक आईक्रोनिक काजल फ्री
पता: चूड़ी गली, अन्नपूर्णा मार्केट, गंजीपुरा, जबलपुर (म.प्र.) मों: 9826243750

डॉ.प्रियांशु दीक्षित
हड्डी रोग विशेषज्ञ
एम.बी.बी.एस. डी. आर्थो, डी.एन.बी.(आर्थो)
ज्वाईट रिप्लेसमेंट एण्ड ऑर्थोस्कोपी फेलोशिप (लंदन)
- स्पोर्ट्स एवं लिंगामेंट इंज्यूरी
- ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी
- सभी तरह के फ्रक्चर सर्जरी
- कमर घुटना एवं जोड़ो का दर्द
- गठियावाद एवं आदि
- दूरबीन पद्धति द्वारा जाँच एवं इलाज

डॉ.निधि दीक्षित
छाती रोग विशेषज्ञ
एम.बी.बी.एस. डी.टी.सी.डी., डी.एन.बी.(चेस्ट) पुणे
इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट
- अस्थमा, दमा व अन्य सांस की तकलीफ
- सभी प्रकार की एलर्जी (धूल, धुंआ)
- सभी प्रकार की टी.बी. निमोनिया
- किसी भी प्रकार की खांसी का उपचार
- कोविड एवं पोस्ट कोविड मरीजों का इलाज
- दूरबीन पद्धति द्वारा जाँच एवं इलाज
सन क्लीनिक, दीक्षित प्राइड शॉप न 19 ग्राउंड फलोर
तैयब अली पेट्रोल पंप के सामने, जबलपुर
0761- 2621002, 7999719994, 9923933508

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 402, कौशल्या विहार, नेपियर टाउन 482001 प्रकाशित, संपादक-सुशील दत्त
प्रबंध संपादक- जगदीश सकतेल, सह प्रबंध संपादक- शिवचरण समुद्रे, सलाहकार संपादक-रविकरण साहू email: navpradeshjbp123@gmail.com फोन-0761-4924975